श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 277, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 03 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।


1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## हिमाचल प्रदेश : कांग्रेस का मतलब करप्शनः सीएम योगी



**हमीरपुर/मंडी/सोलन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश में धुआंधार चुनावी प्रचार किया। उन्होंने हमीरपुर, मंडी और सोलन में एक के बाद एक तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया। तीनों ही जगह उन्होंने जनता के साथ न सिर्फ संवाद किया, बल्कि उन्हें कांग्रेस शासन के बुरे अनुभव की याद भी दिलाई। कांग्रेस पर जमकर हमले किये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीएम जयराम ठाकुर ने यहां विकास को जो रफ्तार दी है, उसे डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से जारी रखेगी। योगी ने उत्तर प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन समेत देश भर में मंदिरों के भव्य निर्माण को विरासत का सम्मान करार देते हुए कहा कि यह सब कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया का राम नाम सत्य हो चुका है। वे दूसरे राज्यों में अपना ठिकाना तलाश रहे हैं। कांग्रेस के आने का मतलब होता है कि अपने साथ माफिया को भी लाना। कांग्रेस का मतलब करप्शन, माफिया। इनके बीच चोली-दामन का साथ है। कांग्रेस कभी इससे मुक्त नहीं हो सकती। इसलिए जनता गांधी जी के सपने ह्यकांग्रेस मुक्त भारतह्ण को साकार करने जा रही है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को वोट डाले जाने हैं।

**हिमाचल प्रदेश भारत का मुकुटः** हमीरपुर की बड़सर विधानसभा प्रत्याशी माया शर्मा के लिए बिझड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भारत का मुकुट है। देवभूमि के रूप में विख्यात है। यहां की हर घाटी किसी न किसी देवभूमि, देवमंदिर के लिए विख्यात है। सज्जनता, शौर्य और पराक्रम हिमाचल के नौजवानों, नागरिकों में भी दिखता है। पहाड़ जैसी दृढ़ता भी है लेकिन पानी जैसी संवेदना भी है। दोनों का समन्वय होता है तो भारत के रक्षक के रूप में नौजवान भारत की सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं। देश के इन बहादुर जवानों को वन रैंक-वन पेंशन के माध्यम से सम्मान देने का काम पीएम मोदी ने किया है।

# 3000 गरीबों को मिला दिल्ली में घर





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झुग्गीं-झोपड़ी वासियों के पुनर्वास के लिए दिल्ली के कालकाजी में 'यथास्थान झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना' के अंतर्गत बनाए गए 3,024 नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का उद्घाटन किया और भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी। प्रधानमंत्री मोदी ने विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीबों को पक्का मकान देने के संकल्प में आज हमने अहम पड़ाव तय किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीब परिवारों को पक्का घर देने का अभियान आज से शुरू हुआ है। सिर्फ कालकाजी एक्सटेंशन के पहले फेज में ही 3 हजार से ज्यादा घर तैयार कर लिए गए हैं। बहुत जल्द यहां रह रहे बाकी परिवारों को भी नए घर में गृह प्रवेश का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के सैकड़ों परिवारों के लिए, हजारों गरीब हमारे भाई-बहनों के लिए, ये बहुत बड़ा दिन है। वर्षों से जो परिवार दिल्ली की झुग्गियों में रह रहे थे, आज उनके लिए, एक प्रकार से उनके जीवन की नई शुरूआत होने जा रही है। प्रधानमंत्री ने गरीबी के नाम पर राजनीति करने वाली पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले यह माना जाता था कि गरीबी से निपटने के लिए गरीबी है।

उन्होंने कहा कि आज देश में जो सरकार है, वो गरीब की सरकार है। इसलिए वो गरीब को अपने हाल पर नहीं छोड़ सकती। आज देश की नीतियों के केंद्र में गरीब हैं। आज देश के निर्णयों के केंद्र में गरीब हैं। विशेषकर शहर में रहने वाले गरीब भाई-बहनों पर भी हमारी सरकार उतना ही ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि इसी जगह दिल्ली के निवासियों के बीच पहले से ही काफी मतभेद थे। लेकिन अब देश अमृत काल में प्रवेश कर गया है और सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास का मंत्र सभी के लिए कल्याण सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे गरीब साथियों को एक बड़ी दिक्कत राशन कार्ड से जुड़ी अव्यवस्थाओं से भी होती थी। हमने 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' की व्यवस्था करके दिल्ली के गरीबों का जीवन आसान बनाया है। इस वैश्विक संकट के समय में दिल्ली के लाखों गरीबों को केंद्र सरकार पिछले दो साल से मुफ्त राशन दे रही है।

### दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा गरीबों को बीमा सुरक्षा कवच दिया

**पीएम** ने कहा कि दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा गरीबों को बीमा सुरक्षा कवच दिया है। दवाइयों का खर्च कम करने के लिए 'जन औषधि केंद्र' की सुविधा है। जब जीवन में सुरक्षा होती है तो गरीब निश्चिंत होकर गरीबी से बाहर निकलने के लिए जी जान से जुट जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि हम दिल्ली को देश की राजधानी के अनुरूप एक शानदार सुविधा संपन्न शहर बनाएं। दिल्ली के विकास को गति देने के लिए हमने जो काम किए हैं, दिल्ली के लोग, दिल्ली के गरीब, दिल्ली का विशाल मध्यम वर्ग उसके साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बीमा कवर को 40 लाख से अधिक हाशिए के लोगों तक बढ़ा दिया गया है।


## गंभीर मामलों के आरोपित नेताओं को जमानत नहीं देने की मांग, सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर आरोप वाले नेताओं को जमानत नहीं देने व उन जैसे नेताओं को दी गई जमानत रद्द करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप सभी राजनेताओं को जमानत नहीं दिए जाने और उनको मिली जमानत रद्द करने की मांग कर रहे हैं, ऐसा संभव नहीं हो सकता। चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अपनी याचिका वापस लें या हम इसे खारिज कर देंगे। इस पर याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। दरअसल, याचिका में कहा गया था कि कई ऐसे राजनेता हैं जो गंभीर अपराधों के आरोपित हैं या तो उनके ऊपर मुकदमा शुरू नहीं हुआ है या 5 साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी मुकदमे समाप्त नहीं हुए हैं। ऐसे नेता जमानत पर चल रहे हैं।

जघन्य आपराधिक मामलों में आरोपों का सामना कर रहे राजनेताओं को किसी भी अदालत से जमानत न दिए जाने या फिर जिन्हें जमानत दी गई है, उनकी जमानत रद्द किए जाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

## आरबीआई ने लॉन्च किया डिजिटल करेंसी



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की डिजिटल करेंसी का पहले दिन बाजार ने शानदार स्वागत किया। आरबीआई ने डिजिटल करेंसी को एक नवंबर को पायलट परीक्षण के तौर पर लॉन्च किया। इसकी लॉन्चिंग को अच्छी शुरूआत मिली और पहले दिन 275 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के तहत केवल थोक सेगमेंट में बैंकों को सरकारी प्रतिभूतियों यानी गवर्नमेंट सिक्योरिटीज के लेनदेन करने के लिए मंजूरी दी गई है।

इस पायलट प्रोजेक्ट में नौ बैंक शामिल हैं। इनमें से कई बैंकों ने लॉन्चिंग के पहले ही दिन डिजिटल वर्चुअल करेंसी का इस्तेमाल करते हुए सरकारी बॉन्ड से जुड़े 48 लेनदेन किए। उनकी वैल्यू करीब 275 करोड़ रुपये है। डिजिटल रुपये के पायलट परीक्षण के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में द्वितीयक बाजार लेनदेन का निपटान किया गया। इस पायलट परीक्षण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को शामिल किया गया है।

**क्रिप्टोकरेंसीः** यह नेटवर्क में लेनदेन को सुरक्षित करने के लिए क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है। इस मुद्रा पर किसी भी देश की सरकार का नियंत्रण नहीं होता है। बिटक्वाइन और एथेरियम इसके उदाहरण हैं।

**वर्चुअल करेंसीः** डेवलपर्स या प्रक्रिया में विभिन्न हितधारकों से मिलकर एक संगठन से नियंत्रित अनियमित डिजिटल करेंसी है।

**सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी):** इसे किसी भी देश का सेंट्रल बैंक जारी करता है। आरबीआई ने इस करेंसी को ही जारी करने की बात कही है।

### आकासा एयर बेंगलुरु-पुणे हवाई मार्ग पर 23 नवंबर से शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** देश की प्राइवेट एयरलाइन कंपनी आकासा एयर बेंगलुरु-पुणे हवाई मार्ग पर 23 नवंबर से अपनी उड़ानें शुरू करेगी। कंपनी को नवंबर के अंत तक करीब 58 दैनिक उड़ानें और 400 साप्ताहिक उड़ानें पार करने की उम्मीद है। इस उड़ान के साथ ही नई एयरलाइन के नेटवर्क में यह नौवां गंतव्य होगा। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि बढ़ती मांग के कारण बेंगलुरु और मुंबई के बीच संपर्क सुविधा 23 नवंबर से बढ़ाई जाएगी, जिससे इस हवाई मार्ग पर दैनिक उड़ानें बढ़कर सात हो जाएंगी।

## डीके शिवकुमार की उनके खिलाफ चल रही जांच रोकने की मांग पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले के आरोपित और कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके शिवकुमार की उनके खिलाफ चल रही जांच पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मुक्ता गुप्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईडी को 15 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। डीके शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि ईडी 2020 के मामले की दोबारा जांच कर रहा है। ईडी इस मामले में 2018 में पहले ही केस दर्ज कर चुका है। ईडी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के पहले डीके शिवकुमार को गिरफ्तार करना चाहता है। कपिल सिब्बल ने कहा कि मनी लांड्रिंग कानून की धारा 13 असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि अगर एक जांच एजेंसी कहती है कि आरोपित के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बनता है तो फिर दूसरी जांच एजेंसी मनी लांड्रिंग का केस कैसे बना सकती है। उल्लेखनीय है कि डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है।

## माइग्रेशन-दाखिला रद्द कराने वाले छात्रों को पूरी फीस वापस करें कॉलेजः यूजीसी




**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फीस वापसी नीति में बदलाव संबंधी नए दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि माइग्रेशन और दाखिला रद्द कराने वाले छात्रों को कॉलेज पूरी फीस वापस करें और उनके मूल दस्तावेज भी वापस करें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो वे आयोग से ग्रांट प्राप्त करने की अपनी पात्रता खो देंगे साथ ही उनके विश्वविद्यालय संबद्धता वापस लेने की भी सिफारिश की जा सकती है। आयोग को संस्थानों द्वारा फीस वापसी न करने के संबंध में मिली तमाम शिकायतों के बाद यह अधिसूचना आई है। कोरोना के मद्देनजर यूजीसी ने 2 अगस्त को एक आधिकारिक नोटिस प्रकाशित किया था, जिसमें कहा गया था कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में छात्रों के माइग्रेशन या दाखिले को रद्द कराने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा शुल्क वापसी का प्रावधान निर्धारित किया गया था। इस वर्ष केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) आयोजित की गई। इसके परिणामों की घोषणा में देरी से चिंतित छात्रों ने निजी संस्थानों में प्रवेश ले लिया। सीयूईटी का आयोजन पहली बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रवेश के लिए किया था। सीयूईटी-यूजी के नतीजे 16 सितंबर को और सीयूईटी-पीजी के नतीजे 26 सितंबर को घोषित होने के बाद कुछ छात्र जो निजी संस्थानों में प्रवेश ले चुके थे अब केंद्रीय विश्वविद्यालयों में माइग्रेशन करना चाहते हैं।

## ईरान कर रहा हमले की तैयारीः सऊदी अरब

**वाशिंगटन।** अमेरिका के साथ खुफिया जानकारी साझा करके सऊदी अरब ने दावा किया है कि हिजाब विरोधी आंदोलन का सामना कर रहा ईरान जल्द ही उस पर हमला कर सकता है। ईरान में चल रहे आंदोलन से ध्यान बंटाने के लिए ईरान जल्द ही सऊदी अरब पर हमले की तैयारी कर रहा है। अमेरिका ने ईरान में चल रहे प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग करने की आलोचना की है। ईरान में इस समय हिजाब विरोधी आंदोलन उग्र रूप से चल रहा है। इसी बीच सऊदी अरब ने अमेरिका को चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। सऊदी अरब की ओर से कहा गया है कि ईरान में चल रहे आंदोलन से ध्यान बंटाने के लिए ईरान जल्द ही सऊदी अरब पर हमले की तैयारी कर रहा है। सऊदी अरब के दावे और ईरानी हमले की बढ़ती चिंताओं के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से ईरान में चल रहे प्रदर्शनों को दबाने के लिए बल प्रयोग की आलोचना की गयी है। साथ ही बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उपयोग के लिए ईरान द्वारा रूस को सैकड़ों ड्रोन दिये जाने की भी निंदा की है।

## उर्वरकों में पोषक तत्व आधारित सब्सिडी को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल 1 अक्टूबर से अगले साल 31 मार्च तक रबी सीजन 2022-23 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दी है। इसमें 51,875 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विभिन्न पोषक तत्वों से जुड़ी पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की प्रति किलोग्राम दरों के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी । रबी मौसम में फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों के लिए सब्सिडी दर नाइट्रोजन (एन) 98.02 रुपये, फॉस्फोरस (पी) 66.93 रुपये, पोटाश (के) 23.65 रुपये और सल्फर (एस) 6.12 रुपये तय की गई है। एनबीएस रबी-2022 के लिए कैबिनेट द्वारा अनुमोदित सब्सिडी 51,875 करोड़ रुपये होगी जिसमें माल ढुलाई सब्सिडी के माध्यम से स्वदेशी उर्वरक (एसएसपी) के लिए समर्थन शामिल है। इससे रबी 2022-23 के दौरान सभी पीएण्डके उर्वरकों को उर्वरकों की रियायती व सस्ती कीमतों पर किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा और कृषि क्षेत्र को सहायता मिलेगी। इससे सरकार उर्वरकों और कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में अस्थिरता को वहन करेगी।

### कपड़ा मंत्रालय ने 20 अनुसंधान परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय ने 20 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर 74 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इन अनुसंधान परियोजनाओं में एग्रो-टेक्सटाइल, स्पेशियलिटी फाइबर, स्मार्ट टेक्सटाइल, एक्टिव-वियर टेक्सटाइल, रणनीतिक एप्लीकेशन क्षेत्र, रक्षात्मक परिधान और खेल परिधान शामिल है। ये सभी रणनीतिक अनुसंधान परियोजनाएं प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत में आती हैं।

## निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के कारण श्रमिकों को मिलेगी पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के कारण श्रमिकों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए आज एक बड़ा ऐलान किया है। केजरीवाल ने दिल्ली में निर्माण कार्यों में लगे पंजीकृत सभी श्रमिकों को पांच हजार रुपए की वन टाइम आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। केजरीवाल के इस ऐलान से दिल्ली में पंजीकृत हजारों श्रमिक लाभांवित होंगे। केजरीवाल ने एक ट्वीट कर कहा, ह्यपूरी दिल्ली में प्रदूषण को देखते हुए निर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया है। मैंने श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया को इस अवधि के दौरान प्रत्येक निर्माण श्रमिक को वित्तीय सहायता के रूप में 5000 रुपए प्रतिमाह देने का निर्देश दिया है, जब निर्माण गतिविधियों की अनुमति नहीं है। दिल्ली सरकार के इस निर्णय से 10 लाख से ज्यादा निर्माण श्रमिकों को फायदा होगा और वित्तीय सहायता के तौर पर उन पर 500 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने पिछले साल भी प्रदूषण के चलते निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध होने के दौरान पंजीकृत 7 लाख से अधिक श्रमिकों को 5-5 हजार रुपए की वन टाइम वित्तीय सहायता दिया था और इस पर करीब 350 करोड़ रुपए खर्च आया था। वहीं दिल्ली सरकार का कहना है कि श्रमिक हमारे देश के रीढ़ की हड्डी हैं, जो देश को मजबूती प्रदान करते हैं।

# कोरांव में बेपटरी हुई परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था

## शिक्षकों को छूट देकर अवैध धन उगाही करते हैं अधिकारी, अनियमित शिक्षकों की लंबी फेहरिस्त

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा/प्रयागराज।** सूबे की योगी सरकार भले ही शिक्षा विभाग के आला अफसरों एवं शिक्षकों को देश के भविष्य रूपी नौनिहालों के भविष्य को संवारने एवं उनके पठन-पाठन को लेकर कड़े निर्देश दिए हो किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। विकासखंड कोरांव में इस समय परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। सक्षम अधिकारी है कि विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को छूट देकर उनसे अवैध वसूली करने में ही मशगूल है।

बुधवार को विकासखंड कोरांव के कंपोजिट विद्यालय महुली का जायजा लिया गया जहां शिक्षकों की मनमानी को लेकर छात्रों ने चौंकाने वाले बयान दिए हैं। छात्रों के बयान के मुताबिक कंपोजिट विद्यालय महुली में तैनात सभी शिक्षक अनियमित हैं। सप्ताह में एक दिन आते हैं बाकी दिन वे गायब रहते हैं। कंपोजिट विद्यालय महुली में कुल 6 शिक्षकों की तैनाती है। जिसमें विद्याशंकर इंचार्ज प्रधानाध्यापक, प्रमोद कुमार सहायक अध्यापक जो विद्यालय में अनुपस्थित मिले। प्रवीण कुमार सहायक अध्यापक, मंजू सहायक अध्यापक, सुधा सिंह सहायक अध्यापक, अभिषेक अग्रवाल सहायक अध्यापक उपस्थित रहे। कक्षा 7 के छात्र राहुल पुत्र नंदलाल व संतोष कुमार पुत्र राकेश कुमार यादव ने बताया कि मंजू के अलावा सभी शिक्षक अनियमित रहते हैं। सप्ताह में एक दिन आ गए तो दोबारा कब आएंगे निश्चित नहीं रहता है। इसी प्रकार कंपोजिट विद्यालय देवघाट का निरीक्षण किया गया।

जहां जहां कुल 13 शिक्षकों की तैनाती है निर्भय सिंह प्रधानाध्यापक है जिन्हें बीआरसी ट्रेनिंग में बताया गया। सहायक अध्यापक प्रेम शंकर तिवारी व कुशराज सिंह को छुट्टी पर बताया गया। जबकि सहायक अध्यापक फहद शहजाद, संजीव कुमार, मोहम्मद आरिफ हाशमी, अंकित सिंह, चंद्रकांत पांडेय, पवन कुमार सिंह, रीता सिंह व अनुदेशक आलोक कुमार तिवारी, शिक्षामित्र शशिता सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय में पहुंचने पर सभी बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। कोई शिक्षक गाड़ी पर बैठ कर बात कर रहा था तो कोई एक ही कमरे में एकत्रित होकर बैठ कर आपसी गपशप में मशगूल थे। देवघाट में प्राथमिक में 280 में 184 बच्चे तो उच्च प्राथमिक में 161 में 83 बच्चे उपस्थित बताए गए। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय रंगनाथ पहाड़ी का भी जायजा लिया गया जहां इंचार्ज प्रधानाध्यापक समेत कुल 9 शिक्षकों की तैनाती है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक रूद्र नारायण ने बताया कि सहायक अध्यापक संदीप सिंह व पुष्पेंद्र कुमार बीआरसी ट्रेनिंग पर है। बाकी सभी शिक्षक विद्यालय में मौजूद हैं। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय अल्हवा का जायजा लिया गया जहां इंचार्ज प्रधानाध्यापक पंकज कुमार दीक्षित व शिक्षामित्र रामबहादुर उपस्थित रहे। सहायक अध्यापिका उपासना सिंह को सीसीएल लीव पर बताया गया। प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 165 के सापेक्ष 106 को उपस्थित बताया गया जबकि गिनती करने पर महज 63 बच्चे ही उपस्थित पाए गए।



### किसी भी विद्यालय में बच्चों को नहीं दिया गया दूध

बुधवार को विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान मीनू के अनुसार बच्चों को तहरी व दूध दिया जाना था, किंतु बच्चों से पूछताछ में पता चला कि तहरी तो सभी स्थानों पर दी गई किंतु दूध किसी भी विद्यालय में नहीं दिया गया। बच्चे खुद कह रहे थे कि काफी दिनों से दूध विद्यालयों में नहीं दिया जा रहा है महुली के बच्चों ने बताया कि विद्यालय में कभी दाल और चावल नहीं बनता है सिर्फ तहरी से काम चल रहा है।

### स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ा रहा शिक्षा विभाग

बुधवार को परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में विद्यालयों के शौचालयों एवं साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवालिया निशान देखे गए। जहां एक तरफ केंद्र व प्रदेश की सरकारें स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम में जुटी हुई है, वही शिक्षा विभाग ही स्वच्छ भारत मिशन अभियान का मखौल उड़ाने में जुटा हुआ है। कंपोजिट विद्यालय रंगनाथ पहाड़ी के शौचालयों की हालत बद से बदतर देखी गई शौचालयों के बाहर ही बच्चे पेशाब व लैट्रिन करते नजर आए। शौचालय में व्यापक गंदगी का अंबार देखा गया। दरवाजे व खिड़कियां टूटे फूटे पड़े रहे। इसी प्रकार कम अपोजिट विद्यालय महुली में शौचालयों में ताला बंद पाया गया बच्चे विद्यालय परिसर में ही पेशाब करते हैं।



### राजकीय महिला अस्पताल में डॉ पुनीत कुमार हुए तैनात

**लालापुर।** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ के अंतर्गत राजकीय महिला अस्पताल अमिलिया तरहार में डॉ पुनीत कुमार की तैनाती की गई है और फार्मासिस्ट भी भेजे गए हैं। ज्ञात हो कि लालापुर क्षेत्र के महिला चिकित्सालय में निर्माण के समय से ही किसी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो पाई थी।कई वर्षो से अस्पताल बना हुआ था लेकिन डॉक्टरों के न होने से अस्पताल बन्द ही रहता था। ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित थे। भाजपा नेता व पूर्व जिला मीडिया प्रभारीदिनेश तिवारी ने सांसद रीता बहुगुणा जोशी जी और विधायक डॉ वाचस्पति जी को समस्या की जानकारी करवाया।सांसद और विधायक जी के प्रयासों से ही डॉक्टर की नियुक्ति सम्भव हो सकी है।

## राष्ट्रीय महर्षि सांस्कृतिक महोत्सव भोपाल में प्रदेश स्तरीय महोत्सव में प्रहर्श शुक्ला अब्वल रहे

### राष्ट्रीय स्तरीय महोत्सव में सेकेडं स्थान पर

अखंड भारत संदेश

करछना के खांई गांव निवासी भाजपा नेता विष्णु शुक्ला के पुत्र प्रहर्श शुक्ला ने राष्ट्रीय महर्षि सांस्कृतिक महोत्सव में अव्वल रहे । और उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे पिता विष्णु शुक्ला व माता आरती शुक्ला समेत परिजन बेहद खुश हैं । प्रहर्श शुक्ला नैनी के महर्षि विद्या मंदिर के कक्षा नौवीं के छात्र हैं। और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इनका विशेष रुझान रहता है। और इनकी पहचान एक कुशल संगीतज्ञ के रूप में होने लगी। मध्यप्रदेश के भोपाल में स्थित महर्षि विद्या मंदिर रतनपुर में 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय महर्षि सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित हुआ था। जिसमें प्रहर्श शुक्ला ने प्रदेश स्तरीय महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किए। और राष्ट्रीय स्तरीय महर्षि सांस्कृतिक महोत्सव में द्वितीय स्थान पर रहे। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर के रतनपुर के प्रधानाचार्य गुलेरिया समेत डायरेक्टर वीआर खरे तथा चेयरमैन ब्रह्मचारी गिरीश की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर विशेष रुप से सम्मानित व उपहार देकर पुरस्कृत भी किया गया। महोत्सव समाप्ति के बाद बुधवार घर पहुंचे तो परिजनों सहित इष्ट मित्रों की ओर से उन्हें बधाई भी दी गई । उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता का मेरे ऊपर विशेष रूप से आशीर्वाद प्राप्त है । जिससे मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं।



## ओशो ध्यान शिविर से उत्साह का संचार होता है: पंडित परशुराम त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में एक दिवसीय ओशो ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं सदगुरु ओशो वंदना तथा प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय द्वारा स्वागत भाषण से हुई। एक दिवसीय ध्यान समाधि में

संजीवनी ध्यान, शंखनाद ध्यान, कुंडलिनी ध्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष यदुनाथ द्विवेदी ने किया कार्यक्रम का संचालन डॉ रवि कुमार मिश्र ने किया।विशेष अतिथि शिविर संचालक आचार्य चैतन्य रविप्रकाश, आचार्य वंदना मां एवं आचार्य प्रशांत सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को सक्रिय ध्यान, ओम ध्यान मेडिटेशन, नटराज ध्यान, ओशो प्रवचन,अनुभव चर्चा, कुण्डलिकी ध्यान कराया। मुख्य अतिथि प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी ने कहा कि ओशो ने जो ध्यान विधियां बनाई है, वह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है इसके साथ मनुष्य स्वयं गहन शांति महसूस करता है।उन्होंने कहा कि ध्यान के कारण शरीर की आंतरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन होता है और शरीर की प्रत्येक कोशिका प्राण तत्व ऊर्जा से भर जाती है जिससे शांति और उत्साह का संचार होता है। ध्यान शिविर में प्रबंध समिति सदस्यों में परमेंद्र बहादुर सिंह, सुरेश पांडेय, भगवती यादव, कपिल देव तिवारी, बाबूलनाथ सरोज तथा महाविद्यालय स्टाफ में प्रमोद कुमार तिवारी, कविता गुप्ता, रवि कुमार मिश्र, रमाकांत, नीरज, बृजेश कुमार यादव, विनोद पांडेय, मुकेश सिंह, ओमप्रकाश मिश्र, गंगेश दीक्षित, अमित सिंह, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, अरविंद राय, प्रमोद पांडेय, आनंद श्रीवास्तव, सुरेंद्र यादव, अमित पांडेय, ममता यादव, कुलदीप सोनी, विकास यादव, सुनील कुमार, अम्बरीष शर्मा, दुर्गेश यादव, सुनील कनौजिया, रामप्रसाद यादव, पवन पांडेय, अरविंद सिंह, आयुषी मौर्य, अश्विनी मिश्र, नीरज कुमार, संजय पाठक, चन्द्रशेखर पांडेय, छवि नाथ उपाध्याय, रत्नेश?? शुक्ल, धनंजय देव पांडेय, पवन दुबे, नवनीत मिश्र, देवेंद्र पांडेय, दिनेश मिश्र, बलराम यादव, जितेन्द्र तिवारी, करूणेश त्रिपाठी, रंजन शर्मा, ज्ञान प्रकाश ओझा, रमाकांत दुबे, विजयकांत? शुक्ल, हर्षवर्धन, लालचंद, कृष्णराज शुक्ल, अनुज त्रिपाठी, वीरेन्द्र यादव सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।






## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा यमुनापार जिला प्रशिक्षण वर्ग का कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना के सभागार में बुधवार को आयोजित भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा यमुनापार जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में यमुनापार जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं ने भाग लिया, प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरकार द्वारा शहरी विकास एवं ग्रामीण फेज पर महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि जागरूक किया गया, कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने बिचार व्यक्त करते हुए सरकार की मंशा पर आगे बढ़ कर कार्य करने की भाजपा सरकार की सराहना किया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया क्षेत्रीय महामंत्री बबीता तिवारी जिला यमुना पर प्रभारी ओंकार नाथ केसरी ,रचना सिंह जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारतीय आदि रहे।

इस कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं एवं क्रियाओं के प्रति जागरूक किया गयाजिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सविता मिश्रा द्वारा की गई इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री द्वारा किया गया जिला के पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी एवं महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी, एवं प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी सुरेश पांडेय ने उपस्थित भाजपा महिला मोर्चा के सभी सदस्यों को कार्यक्रम उपरांत जल पान एवं भोजन व्यवस्था करा कर विदा किया,



### मेड काटने के विवाद को लेकर मार पीट दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मेड काटने के विवाद को लेकर 2 मार पीट में एक जख्मी पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भौंका निवासी रमाशंकर पुत्र ईश्वरदीन का आरोप है कि उनके विपक्षी उसके खेत का मेड काट रहे थे। विरोध करने पर मारा पीटा ,गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दी। रमाशंकर ने मऊआइमा थाने में सईद उद्दीन और कादिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

## हनुमान ने लंका में लगाई आग ? लंका में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**करछना।** नवयुवक रामलीला कमेटी भडेवरा के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला के मंचन को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुट रही है । मंगलवार की रात में कलाकारों की ओर से राम सुग्रीव की मित्रता के साथ लंका दहन नामक रामलीला का मंचन किया गया।

जिसमें हनुमान का अभिनय कर रहे युवा कलाकार एडवोकेट सुशील कुमार ओझा ने लंका में आग लगा दी । और रावण की लंका धू-धू करके जलने लगी। और सारी लंका नगरी राखहो गई । जिससे लंकापुरी में मातम छा गया । और हनुमान की ओर से बड़े गर्जना के साथ जय श्री राम के उद्घोष होते रहे ।वही रामलीला कमेटी के संयोजक विजय कुमार ओझा अध्यक्ष लल्लूराम तिवारी उपाध्यक्ष प्रभा कांत ओझा डायरेक्टर देव प्रभाकर ओझा उपडायरेक्टर स्वामी शुक्ला व व्यवस्थापक सोनू ओझा की ओर से हनुमान का अभिनय कर रहे सुशील कुमार ओझा के चमत्कारी कलाओं के प्रति उन्हें बधाई भी दी गई । इस मौके पर व्यास पं रविंद्र नाथ मिश्र रामबल्लभ ओझा सुनील कुमार शुक्ल श्याम नंदन तिवारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि केचुहा उमाकांत पांडेय धर्मेंद्र कुमार शर्मा देव कांत ओझा शरद कुमार ओझा श्याम प्रभाकर ओझा पंकज कुमार ओझा वेद प्रकाश ओझा नीशू ओझा रामकृष्ण राहुल विश्वकर्मा उत्कर्ष ओझा विकास पांडेय यश गौरव मोनू सागर आदि लोग मौजूद रहे।



## आंवला वृक्ष की पूजा कर ब्राम्हणों को कराया गया भोजन व दान



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** पौराणिक शास्त्रों के अनुसार कार्तिक शुक्ल के नवमी को अक्षय नवमी के रूप में मनाते हुए इस दिन महिलाएं प्रातः काल स्नान आदि करके आंवले के वृक्ष को विधि विधान से अक्षत, पुष्प, चंदन आदि से पूजन अर्चन करके पीला धागा वृक्ष में लपेट कर परिक्रमा करती हैं। तत्पश्चात आंवले के वृक्ष के नीचे परिवार समेत भोजन एवं मीठे ब्यंजन बनाकर विद्वान ब्राह्मणों को भोजन कराकर स्वयं भोजन करते हैं इसके बाद ब्राह्मणों को दक्षिणा आदि दान कर अक्षय नवमी के पुण्य के भागी बनते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। शास्त्रों के अनुसार माता लक्ष्मी आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर श्री नारायण और भगवान शिव को भोजन कराया था इसके पश्चात स्वयं भोजन किया मां लक्ष्मी ने शिव और श्रीहरि की पूजा भी की थी जोकि उस दिन नवमी तिथि थी। तभी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी को अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाने लगा। इसी प्रकार सहसों सहित क्षेत्र के सिंगरामऊ, भोपतपुर, बसमहुआ, देवनहरी, रामनाथ पट्टी, चकिया घरहरा आदि गांव में महिलाएं विधि विधान से आंवले के वृक्ष की पूजन अर्चन कर परिवार समेत अच्छे-अच्छे व्यंजन बनाकर ब्राह्मणों को खिलाकर तत्पश्चात खुद भी भोजन किया उसके बाद ब्राह्मणों को दान आदि देकर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अक्षय नवमी के पुण्य के भागी बने।

### कच्चे मकान में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के बभनकुयां गांव में रिहायशी कच्चे खपरैल मकान में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण गृहस्थी के हजारों रुपए के सामान जलकर खाक हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बभनकुइयां गांव निवासी नागेन्द्र सिंह के कच्चे खपरैल मकान में रात को अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जब तक आग बुझाने का प्रयास किया गया तब तक मकान में रखे रजाई गद्दा, बाकस में रखे कीमती कपड़ों के अलावा आभूषण आदि हजारों रुपए के सामान जलकर खाक हो गए।



## गैंगस्टर एक्ट के तीन गैंग के सदस्य देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार व क्षेत्राधिकारी बारा के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम जूही के अमृत सरोवर तालाब के पास से गैंगस्टर एक्ट के तीन गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त उमेश उर्फ भोला पुत्र रामकिशन निवासी कंचनपुर थाना बारा, राकेश उर्फ झल्लर पुत्र बसंत लाल निवासी व राजेंद्र आदिवासी पुत्र बसंत लाल निवासी नीबी,लोहगरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उमेश व राकेश के कब्जे से एक एक नाजायज देशी तमंचा व दो-दो जिंदा कारतूस व 12 बोर का बरामद हुआ और तीनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम की इस सफलता में नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, कांस्टेबल अनीश कुमार, कांस्टेबल बलिराम सिंह, कांस्टेबल रामजीत यादव, कांस्टेबल मनोज कुमार सिंह आदि लोग रहे।



### सवा किलो गांजा व चोरी की बाइक के साथ एक को पकड़ा,भेजा जेल

**लालापुर।** लालापुर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार को पकड़ कर उसके पास से सवा किलो अवैध गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस की धारा में केस दर्ज कर जेल भेजा है। लालापुर एसओ शेर सिंह यादव इलाके के प्रतापपुर रोड पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार होकर युवक आया जिसे पुलिस ने रोक कर बाइक के कागज मांगे तो युवक सकपका गया । शक होने पर पुलिस ने जांच की तो उसके पास से एक झोले में सवा किलो गांजा बरामद हुआ । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी श्यामू भारतीय निवासी टिकरा पताई थाना मउ के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया ।

## अनियंत्रित होकर अप्पे पलटी, दो गंभीर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।**बेटी को ससुराल से वापस अप्पे में बैठा कर गांव वापस जा रहे लोगों से भरी अप्पे अचानक अनियंत्रित होकर एक खदान में जा गिरी। जिससे चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु नजदीक के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया है। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीवारी शंकरगढ रोड पर स्थित रानीगंज के पास की है। रीवा जिले के रायपुर सोनौरी गांव के राम मिलन कोल की बेटी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कुंबरी गांव के मुन्ना कोल के बेटे बृजेश के साथ ब्याही है। बृजेश अपनी पत्नी को लेकर थाना क्षेत्र के ही मिश्रा पुरवा में रहता है। राममिलन के अनुसार बृजेश उसके बेटी को बहुत मारता पीटता है तथा हमेशा जान से मारने की धमकी देता है। बेटी ने जब इसकी जानकारी अपने माइके अपने माता पिता को दी तो वह लोग परिवार के कुछ सदस्यों के साथ एक अप्पे किराए पर लेकर मिश्रापुरवा बुलाने गये थे। जब वह लोग लड़की को बुलाकर चले तो बृजेश भी नारीवारी पुलिस चौकी चलने की बात कहकर आगे चालक के बगल में बैठ गया। राम मिलन के अनुसार अप्पे जैसे ही रानीगंज के पास पहुंचा बृजेश ने जबरिया हैंडिल मोड़ दी। जिससे अप्पे खदान में पलट गई। जिससे पुष्पा देवी का एक पैर टूट गया तथा चालक दिलशाद को सीने आदि में गहरी चोट आई तथा वह बेहोश है। वहीं शीला के हांथ में चोट आई। शंकरगढ पुलिस को जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंच कर लड़की व लड़के को थाने ले आई।

### खेल मैदान पर अवैध कब्जा हटवाने पहुची राजस्व टीम बिरोध पर वैरग लौटी

**करछना।** ग्राम पंचायत निरिया में दबंगों द्वारा जबरन खेल मैदान पर कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत गांव के प्रधान ने एसडीएम करछना से की थी,जिसे बुधवार को करछना राजस्व टीम उक्त गांव निरिया गांव पहुंचीं तों भारी बिरोध को लेकर लौट आई। प्रधान के मना करने पर मथुरा प्रसाद पुत्र नाथ, रजोल प्रसाद पुत्र श्री नाथ, सावंत कुमार पुत्र राम सजीवन ग्राम प्रधान को गाली गलौज मारने की धमकी और झूठा आरोप दबंगों द्वारा दिया जा रहा था ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी महोदय को लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर दबंग व्यक्तियों को 2 दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा गया और गांव के व्यक्ति जैसे-रामबरन, कृष्णा प्रसाद, सीताराम, प्रमोद कुमार, मदनलाल, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग ग्राम सभा के व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रयागराज में डेंगू के 37 नए मिले मरीज, एंटी लार्वा स्पे और फागिंग भी नहीं आ रही काम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** डेंगू मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासन द्वारा की जा रही फागिंग एंटी लार्वा स्प्रे भी काम नहीं कर रहा है। बुधवार को भी 35 नए डेंगू के मरीज पाए गए हैं। इन सभी की रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के बाद इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस तरह अब तेरा जनपद में कुल डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर नौ सौ अड़तीस पहुंच गई है। अगर यही हाल रहा तो एक-दो दिन में यह संख्या बढ़कर 1000 रुपये हो जाएगी।



**जुखाम बुखार के मरीजों से अस्पताल भरे**

जनपद में वायरल फीवर व डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। डेंगू वार्ड तो लगभग फुल हैं ही साथ ही साथ सामान्य वार्ड में भी खासी जुखाम बुखार के मरीज भरे पड़े हैं। प्रशासन दावा जरूर कर रहा है डेंगू मरीजों के लिए प्लेटलेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन स्थिति बिल्कुल उलट है। डेंगू मरीजों के परिजनों को प्लेटलेट के लिए 8 घंटे के लिए मारामारी करनी पड़ रही है। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के ब्लड बैंक के बाहर रात को 3 बजे लगने वाली लाइन अपने आप में स्थिति बयां कर रही हैं।

**सरकारी आंकड़ों में केवल 6 डेंगू मरीजों की मौत**

अगर सरकार के आंकड़ों पर गौर करें तो अभी तक जनपद भर में के वक्त है डेंगू मरीजों की मौत हुई है। फिलहाल यह संख्या काफी कम है। प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती होकर डेंगू का इलाज करा रहे मरीजों के मरने का रिकॉर्ड प्रशासन के पास नहीं है। अगर वह रिकॉर्ड भी आ जाए तो मरने वालों की संख्या कहीं ज्यादा होगी।

**सरकारी अस्पतालों में केवल 70 बेड खाली**

प्रयागराज जिले के डेंगू कंट्रोल रूम द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक सरकारी अस्पताल में कुल 1215 बेड व सरकारी अस्पतालों में केवल 70 बेड खाली हैं। इसके साथ ही साथ जनपद के सभी ब्लड बैंकों को मिलाकर कुल 73 यूनिट प्लेटलेट ही उपलब्ध है। यदि सभी मरीजों को केवल दो दो यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ानी पड़ जाए तो कम पड़ जाएगा।

## भगवत कथा सुनने उमड़ रही है भक्तों की भीड़



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के राजरूपपुर में धर्म की स्थापना जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए हो रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में प्रतिदिन महिला पुरुष भक्तो की भारी भीड़ उमड़ रही है 30 अक्टूबर से शुरू हुई भागवत कथा में कथावाचक विद्वान पंडित बटुक जी महाराज ने भक्त प्रहलाद वामन अवतार राजा बलि और कृष्ण जन्मोत्सव पर वर्णन करते हुए भक्तों का मन मोह लिया है श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की जा रही है भागवत कथा के आयोजन के दौरान मुख्य यजमान मीरादेवी रामबाबू सुबोध केशरवानी सुदीप केशरवानी विनायक केशरवानी तनिष्क केशरवानी जयप्रकाश केशरवानी जुग्गीलाल केशरवानी माया देवी केशरवानी बेबी केशरवानी सहित नगर के सैकड़ो महिला पुरुष भक्त उपस्थित रहे भागवत कथा में बच्चे बूढ़े भी प्रभु के जीवन प्रसंग को सुनने के लिए उपस्थित हो रहे हैं कार्यक्रम के अंत में मुख्य यजमान और उनके परिजनों द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

## किशोरी से दुष्कर्म चार माह बाद कराया गर्भपात

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाने के हनुमानगंज चौकी क्षेत्र में एक युवक ने मानसिक रूप से बीमार किशोरी से दुष्कर्म किया पिता उलाहना देने गया तो उसे धमाका कर भगा दिया। चार माह बाद अब जब वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी पर आरोपी के भाई ने किशोरी का गर्भपात करा दिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी व उसके भाई के साथ गर्भपात करने वाले डाक्टर पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। पीड़ित पिता के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी से पड़ोस के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया आरोप है कि जब पीड़िता का पिता उलाहना देने गया था आरोपी धारदार हथियार लेकर उसे दौड़ा लिया। डर की वजह से पीड़ित ने मामले की शिकायत कहीं नहीं की जब किशोरी को गर्भ ठहर गया। इसकी जानकारी होने पर आरोपी का भाई किशोरी को 2 दिन पहले झूंसी थाना क्षेत्र के एक अस्पताल में लेजाकर गर्भपात करा दिया। बुधवार को हिम्मत जुटा कर पीड़ित पिता थाने पंहुचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नसीम, अनवर व अस्पताल के डॉक्टर अभिमन्यू यादव पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई।

# डेंगू प्रकोप: जमीनी हकीकत दावे से उलट, डीएम, सीएमओ और नगर आयुक्त शुक्रवार को हाईकोर्ट में तलब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज शहर में फैले डेंगू प्रकोप के नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा, जमीनी हकीकत, बताए गए कदमों से बिल्कुल विपरीत है। कहीं कुछ प्रतिरोधक उपाय होता नहीं दिख रहा है। वहीं नगर निगम के अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने आशंका जताई कि फॉगिंग के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसे में लगता है कि यह डेंगू नहीं कोई और बीमारी है, जो फेफड़े, हृदय, लिवर, किडनी आदि को प्रभावित कर रही है। कोर्ट ने प्रयागराज के डीएम, सीएमओ और नगर निगम के आयुक्त समेत सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सुनवाई के समय हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल एवं न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने दिया है। पिछली तारीख पर कोर्ट ने चकबंदी अधिकारी की तैनाती को लेकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए टिप्पणी की थी कि चकबंदी अधिकारी अब डॉक्टरों का भी काम करेंगे।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके ओझा का कहना था, श्मशान घाट से रिपोर्ट मंगा ली जाए तो पता चल जाएगा कि बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। आंकड़ा मिल जायेगा। इस पर कोर्ट ने कहा, शासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा। उठाए गए कदमों की अपेक्षा ग्राउंड रियलिटी अलग है। डाटा नहीं ग्राउंड रियलिटी देखें। डेंगू से सात वकीलों की मौत हो चुकी है जबकि 100 वकील बीमार हैं। जजों की कॉलोनियों सहित पाश इलाके में फॉगिंग नहीं की गई है।

वहीं याची के अधिवक्ता ने कहा, नगर निगम जाड़े का इंतजार कर रहा कि शायद जाड़े में डेंगू का प्रकोप खत्म हो जाय। फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। इस पर निगम के अधिवक्ता ने कहा, जनता का सहयोग नहीं मिल रहा। उठाए गए कदमों से असंतुष्ट कोर्ट ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारी को हाजिर रहने का आदेश दिया। सुनवाई चार नवंबर को होगी। कहा, निगम की ड्यूटी है कि वह नगर को साफ - सुथरा रखे। टेस्टिंग नहीं प्रिवेंटिव उपाय चाहिए।

## डेंगू के बढ़ते प्रकोप से फागिंग मशीन से धुआं का किया गया छिड़काव

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते प्रकोप से निपटने के लिए सरकार द्वारा फागिंग मशीन से धुआं व दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे मच्छरों से होने वाली बिमारियों से लोगों को बचाया जा सके। बुधवार को मेजा के खौर गांव मे प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार के नेतृत्व मे मच्छरों से होने वाली बिमारियों से बचाव हेतु सफाई कर्मचारी रामनरेश भारतीया के द्वारा समूचे गांव मे फागिंग मशीन चला कर धुआं किया गया। जिससे कि मच्छरों को भगाया जा सके और बिमारियों से बचा जा सके। सरकार द्वारा फागिंग मशीन से धुआं व दवा का छिड़काव लोगों को कुछ राहत पहुंचाने की सकारात्मक पहल की है। दवा का छिड़काव शुरू होने से मच्छरों के आतंक से परेशान ग्रामवासियों को इससे राहत मिलने की उम्मीद जगी।

## डंपर की टक्कर से छात्र घायल

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग कटका रेलवे ब्रिज पर बुधवार की शाम तेज रफ्तार डंपर ने कोचिंग से लौट रहे छात्र को टक्कर मार दी। छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुची पीआरबी 113 के सिपाहियों ने घायल छात्र को अस्पताल भिजवा। चालक मौके पर डंपर छोड़ फरार हो गया।अंदावा निवासी सुनील कुमार यादव 23 पुत्र राम निरंजन यादव साईकिल से कोचिंग से लौट रहा था। झूंसी कटका फ्लाईओवर पर निर्माण कार्य के चलते सड़क वन वे है। वही पीछे से आ रही तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं चालक मौके पर डंपर छोड़ फरार हो गया।

## वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ को बना दिया प्रधानाध्यापक, हुआ लाखों का घोटाला

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के जसरा विकास खण्ड में जूनियर हाईस्कूल बीरबल में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा एवं अवैध इंचार्ज बबिता कुशवाहा के द्वारा किये गए घोटाले एवं झूठी आख्या के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोलते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से जाँच पड़ताल करने की गुहार लगायी है।समाजसेवी धनञ्जय त्रिपाठी ग्राम सभा बीरबल विकासखंड जसरा ने जूनियर हाईस्कूल बीरबल के सम्बंध में आइजीआरएस शिकायत संख्या 40017522158980 व 40017522162242 मोबाइल नंबर 8840107667 के सापेक्ष खंड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा व विद्यालय की अवैध इंचार्ज बबिता कुशवाहा के द्वारा विद्यालय में किये जा रहे भ्रष्टाचार, घोटाला एवं अवैध प्रभार की शिकायत किया,जिसमें बिना जाँच किये बार-बार झूठी तथा अपूर्ण आख्या प्रेषित कर मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है।शिकायत को निराधार व असत्य बताया जा रहा है। मजे की बात तो यह है कि अब तक किसी भी अधिकारी ने विद्यालय में आकर न तो जाँच पड़ताल किया और न ही शिकायतकर्ता से इस सम्बंध में कोई जानकारी ही ली गई है। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय से ही जान बूझकर फर्जी और झूठी आख्या बना कर भेजा जा रहा है।

# जिला सीनियर (पुरुष/महिला) वॉलीबाल ट्रायल 4 नवंबर को

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जिला सीनियर पुरुष एवं महिला वॉलीबाल टीम हेतु खिलाड़ियों का चयन/ट्रायल के आधार पर दिनांक 4 नवंबर,दिन शुक्रवार को स्थानीय सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर के क्रीड़ा परिसर में होगा। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला के अनुसार उपरोक्त तिथि को ट्रायल के आधार पर चयनित किए गए खिलाड़ी ही आगामी 9 से 13 नवंबर 2022 तक मऊ जिले में आयोजित ₹ 71वीं सीनियर पुरुष एवं महिला राज्य स्तरीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप ₹ में प्रयागराज जिले की वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव श्री शुक्ल ने बताया कि प्रयागराज जिले की पुरुष एवं महिला टीम के चयन हेतु एसोसिएशन द्वारा अलग-अलग ग्रुप में चयन समितियों का गठन कर लिया गया है,जो कि उक्त अवसर पर खेल प्रदर्शन और मेरिट के आधार पर वॉलीबाल खिलाड़ियों का चयन करेंगी। उपरोक्त चयन/ट्रायल में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी अपने मूल एवं फोटो कॉपी आधार कार्ड अथवा निवास प्रमाण पत्र से सम्बंधित प्रमाणपत्र और तीन पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ आगामी 4 नवंबर 2022 को प्रातः 10 बजे तक निर्देशित क्रीड़ा स्थल पर पहुँचकर एसोसिएशन के चेयरमैन व पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जॉर्डन.एच.नाथ, अध्यक्ष प्रभात कुमार राय, पूर्व क्रीड़ाअधिकारी के.पी.सिंह, संगठन मंत्री प्रमोद राय अथवा मनोरंजन क्लब के सचिव राजेश वर्मा से संपर्क करें।

## बारा पुलिस द्वारा दो वारन्टी गिरफ्तार

**बारा।** वांछित व वारंटियों की धर पकड़ अभियान में मंगलवार थाना बारा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बारा अनिल कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक सतीश साहू, कास्टेबल सुमित कुमार द्वारा न्यायालय जेएम कक्ष संख्या 03 इलाहाबाद मुकदमा नंबर 4033/09 से सम्बन्धित वारन्टी लालबहादुर पुत्र भगवत प्रसाद बिन्द व मंगला प्रसाद पुत्र राम अधार निवासीगण कोरारी थाना बारा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्यवाही किया गया।

# आजम खान के करीबी इंस्पेक्टर को नहीं मिली राहत, अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से उत्तर प्रदेश केपूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी इंस्पेक्टर मोहम्मद फिरोज खान गंज थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य मामले में दर्ज प्राथमिकी में राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने इंस्पेक्टर को अग्रिम जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने मोहम्मद फिरोज खान की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कहा कि याची पर फायर करने का आरोप है। इसके अलावा उन पर नकदी, ज्वैलरी सहित अन्य चीजों की लूट का आरोप है। याची को मामले में जांच के दौरान पहले से ही अग्रिम जमानत मिली हुई है।

जांच रिपोर्ट दाखिल होने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इस वजह से कोर्ट ने याची को जमानती वारंट भी जारी किया है। याची ट्रायल प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया।मामले में याची मोहम्मद फिरोज खान के खिलाफ तत्कालीन क्षेत्राधिकारी रहे आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, परवेज आलम सहित कई अन्य पर रामपुर जिले के गंज थाने में आईपीसी की धारा 447, 452, 504, 506, 307, 392, 120 बी के तहत 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में याची को पहले जांच के दौरान अग्रिम जमानत के तौर पर अंतरिम राहत मिली थी। मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद इंस्पेक्टर ने फिर अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी लेकिन उसकी अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# 33वां राष्ट्रीय रामायण मेला 4 नवंबर से

## अखंडता और विश्व शांति को समर्पित होगा इस बार का मेला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम में 33 वां राष्ट्रीय रामायण मेला 4 नवंबर से शुरू होकर 8 नवंबर तक चलेगा। यह मेला हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष यानी देवोत्थान एकादशी से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है। इस बार का रामायण मेला राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विश्व शांति को समर्पित है।राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति, श्रृंगवेरपुर के अध्यक्ष डॉ. बालकृष्ण पांडेय ने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन में संगीतमय श्री राम कथा, अखिल भारतीय गंगा जमुनी कवि सम्मेलन, श्री राम कथा और कवि सम्मेलन, गंगा आरती श्री भगवान सत्यनारायण की कथा, राष्ट्रीय रामायण ज्ञान प्रतियोगिता एवं शैक्षिक सम्मेलन मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा पश्चिम बंगाल से सुष्मिता बनर्जी के नेतृत्व में संगीतमय रामायण की प्रस्तुति होगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भेजे गए कलाकारों द्वारा राम और केवट संवाद होगा। इसके अलावा एनसीजेडसीसी द्वारा भी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**32 सालों से श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली में हो रहा यह मेला**

डॉ. बालकृष्ण पांडेय ने बताया कि यह रामायण मेला पिछले 32 सालों से श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रृंगवेरपुर में आयोजित किया जा रहा है। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में

### श्रृंगवेरपुर में होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रयागपीठाधीश्वर रंग रामानुजाचार्य श्रीधराचार्यजी महाराज मौजूद रहेंगे। कैबिनेट मिनिस्टर मुख्तार अब्बास नकवी, मत्य पालन विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

**ड्रोन कैमरे से देख सकेंगे रामायण मेला**

इस बार संस्कार टीवी के माध्यम से पूरे मेले को ड्रोन कैमरे के माध्यम से लाइव किया जाएगा। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कार टीवी पर लाइव देख सकेंगे। पूरे मेले को 4 सेक्टर्स में बांटा गया है। जिलाधिकारी और एसएसपी के बादेश पर सुरक्षा-व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। करीब एक दर्जन विभागों की विकास प्रदर्शनी लगाई जा रही है। डॉ. पांडेय ने बताया कि श्रृंगवेरपुर रामायण सर्किट से जुड़ गया है। केंद्र सरकार ने 29 करोड़ रुपये की लागत से सड़कें व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इसके अलावा 14 करोड़ रुपये से योगी सरकार ने श्रृंगवेरपुर को डेवलप करने के लिए दिए हैं।

## महिला को मार पीट कर जख्मी कर दिए थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सराय का पूरा ऊंचडीह निवासनीय गीता देवी पत्नी लालजी का आरोप है कि वह खेत से वापस आ रही थी तभी उसके विपक्षी एक राय होकर मामूली बात पर मारे पीटे और जब उसका पुत्र अर्जुन आया तो उसे भी मार कर जख्मी कर दिया गया। गीता देवी ने कतिपय लोगों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है पुलिस गीता और उसके पुत्र को उपचार के लिए भेज दिया ।समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था।

# आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित होगा 24 वां जमुनापार महोत्सव: डॉ पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** इस बार आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 24 वां सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव रामपुर स्थित ब्रिज मंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में 9 नवंबर से आयोजित किया गया है।दिन में 2:00 बजे उक्त महोत्सव का उद्घाटन समारोह जमुनापार के शहीद परिजनों, राष्ट्रीय संतो,क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,विद्वानों समाजसेवियों और लोक कलाकारों की मौजूदगी में संपन्न होगा। प्रतिदिन 3:00 से प्रयाग पीठ के स्वामी विनोदानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा राम कथा प्रवचन के अलावा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।क्या

**समापन दिवस परअपनी माटी के नवरत्नों का सम्मान**



आजादी अहिंसा और सत्याग्रह से ही प्राप्त हुई? नामक विषय पर जमुनापार के विद्यालय स्तरीय बच्चों की वाद विवाद प्रतियोगिता।आजादी आंदोलन में जमुनापार के सेनानियों का योगदान,नामक विषय पर निबंध प्रतियोगिता के अलावा कई विद्यालय के बच्चे मंच पर लोकगायन और लोक नृत्य का जलवा बिखेरेंगे। महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय भव्य रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रति दिवस लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत माटी के गीतों का लोकरंग आजादी के सेनानियों को समर्पित होगा। समापन दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता से सजे मंच परअपने पूर्व परंपरा के अनुसार विविध क्षेत्रों से जुड़े प्रयाग और जमुनापार की माटी का नाम रोशन करने वाले विभूतियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## हाईकोर्ट : कुसी पर बैठे व्यक्ति की अवमानना के लिए किसी को भी नहीं किया जा सकता है दंडित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रस्ताव के बाद एक जज की कोर्ट का बहिष्कार समाप्त हो गया। कोर्ट ने अधिवक्ता के माफी मांगने के बाद अवमानना का केस वापस ले लिया। कोर्ट ने कहा कि एक व्यक्ति को केवल कोर्ट की अवमानना पर दंडित किया जा सकता है, लेकिन जज अथवा कुर्सी पर बैठे व्यक्ति की अवमानना के लिए नहीं। कोर्ट ने यह आदेश एक पुनर्निरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पूर्व रोजाना की तरह कोर्ट की कार्रवाई शुरू हुई लेकिन कोई भी अधिवक्ता उसमें काम करने के लिए नहीं गया। कुछ अधिवक्ता वहीं खड़े भी रहे। इसके बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदाधिकारी कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि अधिवक्ता सुनील कुमार बिना शर्त माफी मांगने को तैयार हैं। अधिवक्ता ने कोर्ट के सामने माफी मांगी। इस पर कोर्ट ने उनके माफीनामे को स्वीकार करते हुए उन्हें अवमानना के मामले से मुक्त कर दिया।कोर्ट के आदेश के बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी जज की कोर्ट के बहिष्कार के मंगलवार को पारित प्रस्ताव को वापस ले लिया। इसके पूर्व अधिवक्ता के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के लिए दूसरी कोर्ट के समक्ष मामले की सुनवाई शुरू हुई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और उन्होंने बिना शर्त माफी मांगने की बात कही। कोर्ट ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए अधिवक्ता को संबंधित पीठ केसमक्ष पेश होकर माफी मांगने का आदेश दिया। इसके बाद अधिवक्ता संबंधित पीठ के समक्ष पेश हुए और माफी मांग ली। इसके बाद कोर्ट ने माफी को स्वीकार कर पुनर्निरीक्षण याचिका पर सुनवाई को आगे बढ़ा दिया।




## डंफर ट्रक व ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत, ड्राइवर बाल-बाल बचा

**मेजा रोड।** मेजा के मेजाखास बाबा बोलन नाथ धाम के समीप डंफर ट्रक, सरिया लदे ट्रैक्टर व पानी टैंकर ट्रैक्टरकी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमे सरिया लदा ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया और पानी टैंकर भी चिपक गया। तीनों वाहनों की भिड़ंत से हड़कंप मच गया। ड्राइवर बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार करीब चार बजे शाम मेजा थाना क्षेत्र के मेजाखास बाबा बोलन नाथ धाम व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास ढलान पर एक अट्ठारह चक्का डंफर ट्रक कपूरी क्रशर प्लांट पर गिट्टी लादने जा रहा था।

## प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** आधारशिला वृद्ध आश्रम नैनी प्रयागराज में डॉक्टर हरि ओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण लखनऊ पहुंचकर वृद्धजनों का हाल-चाल जाना संस्था प्रमुख श्री गोस्वामी शशांक भारती एवं योजना प्रभारी श्री शीतला प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया प्रमुख सचिव वृद्ध जनो के साथ बैठकर आश्रम की व्यवस्था के बारे में बिंदुवार जानकारी प्राप्त किया वृद्ध शोभनाथ सिंह ने कहा कि आश्रम में सभी सुख सुविधाएं उपलब्ध है अनंत स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया की भोजन और नाश्ता घर जैसा मिलता है हम सभी को किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है सरोज देवी द्वारा कहा गया कि हम पिछले 5 वर्षों से निवास कर रहे हैं दवा इलाज वस्त्र भोजन मनोरंजन आदि समय समय पर उपलब्ध होता रहता है प्रमुख सचिव सुबह की होने वाली प्रार्थना वृद्धजनों से गवाया आश्रम की साफ सफाई एवं व्यवस्था देख कर संतुष्ट हुए प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव को निर्देशित किया व्यवस्थाएं वृद्धजनों के अनुकूल हो तथा सर्दी में गर्म पानी की व्यवस्था सुलभ हो खाने की गुणवत्ता को और बेहतर करें इस अवसर पर डॉक्टर मंजूश्री श्रीवास्तव उपनिदेशक समाज कल्याण श्री त्रिनेत्र कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी राहुल मिश्रा विमल गिरी सुधीर कुमार अनुकृति श्रीवास्तव राम अंशु आदि उपस्थित रहे।



# एसडीएम की कार्यशैली से खफा वकीलो ने किया हंगामा, तबादले की उठाई मांग

## लालगंज मे एसडीएम को लेकर वकीलों तथा प्रशासन के बीच गतिरोध बढ़ा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम की कार्यशैली से खफा वकीलों का गुस्सा बुधवार को भी तहसील परिसर मे हंगामेदार दिखा। वकीलो ने एसडीएम के कामकाज का बहिष्कार करते हुए उनके तबादले की मांग को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

लालगंज के एसडीएम सौम्य मिश्र पर वकील मनमाने ढंग से काम करने तथा वकीलों के साथ अमर्यादित व्यवहार को लेकर खफा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने जिले के डीएम से मिलकर एसडीएम के तबादले को लेकर ज्ञापन भी दे रखा है। डीएम के आश्वासन पर वकील इधर शांत बैठे थे। बुधवार को सुबह आम सभा में वकीलो के द्वारा एसडीएम की कार्यशैली को गैर कानूनी बताया गया। इसके बाद वकील संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में परिसर मे एसडीएम के खिलाफ घूम घूमकर नारेबाजी करने लगे।



तहसील में एसडीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते अधिवक्ता।

एसडीएम कार्यालय के सामने वकीलों के द्वारा घंटो नारेबाजी के चलते तहसील परिसर मे दोपहर तक माहौल हंगामेदार बन गया दिखा। इसके बाद वकीलों ने सभा की और एसडीएम की कार्यशैली को जमकर कोसा। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि मौजूदा एसडीएम के द्वारा बार के साथ लगातार पद की गरिमा के विपरीत आचरण अब बर्दास्त नही किया जाएगा। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि एसडीएम का तबादला न होने पर सोमवार से वकील सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी व संयोजन उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने किया। इसके बाद वकीलों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुप्रिया चतुवेर्दी को सौप एसडीएम के फौरन तबादले की मांग उठाई। संघ के पारित प्रस्ताव की सूचना जूनियर बार एसोशिएसन प्रतापगढ़ के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र व महामंत्री संतोष नारायण तिवारी को भी भेजवाया गया है।

सभा को केबी सिंह, टीपी यादव, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सिंटू मिश्र, मो. ईशा, संजय सिंह, शैलेन्द्र शुक्ल, सुशील शुक्ल, घनश्याम मिश्र, दिनेश मिश्र, मनोज शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, प्रवीण यादव, सुमित त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह, उदयराज पाल, शिवेंद्र तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे।

# नगर पालिका की टीम पहुंची, भागे ठेले व खम्चे वाले

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के अम्बेडकर चैराहे से लेकर पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले तक लगने वाले ठेले खम्चे व सब्जी की दुकानों का अतिक्रमण आज बुधवार को अपरान्ह नगर पालिका की टीम ने हटाया। नगर पालिका की टीम को देखते ही ठेलेवाले तो भाग खडे.हुए। सब्जी वालों को सख्त चेतावनी देने के बाद छोड़ दिया गया।

बताया जाता है कि नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, टीसी वीरेन्द्र कुमार, राजेष कुमार, मो0 उमर, कपिल देव व रोड गैंग के सूर्य प्रकाष मैजिक ट्रैक्टर लेकर अम्बेडकर चैराहे के पास पहुंचे तो ठेलेवाले भागने लगे। मात्र आधे घंटे के अंदर अतिक्रमण खाली हो गया। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने कम्पनी गार्डेन के सामने से सब्जी की दुकानों का अतिक्रमण तो पहले ही हटवा दिया था लेकिन कुछ सब्जी वाले व ठेले खम्चे वाले अब भी मुख्य सड़क पर अतिक्रमण जमाये हुए थे जिन्हें आज नगर पालिका की टीम ने भगा दिया।

### अम्बेडकर चैराहे से लेकर डाक बंगले तक चला नगर पालिका का अतिक्रमण विरोधी अभियान



नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अभियान में मौजूद अधिकारीगण।

### डेंगू प्रभावित क्षेत्र में हुई फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव

**प्रतापगढ़।** डेंगू प्रभावित क्षेत्र बेगम वार्ड, घोसियाना वार्ड, भैरोपुर वार्ड में नगर पालिका ने बुधवार को फागिंग किया। साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इस क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप काफी अधिक है। नगर पालिका ने सभी से सफाई की अपील किया है।

# नए पुल में मिली खामियां मिलने पर एडीआरएम ने लगाई फटकार

## चार और पांच नंबर पुल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एडीआरएम लालजी चैधरी ने बुधवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रियों के जाने के लिए बने चार और पांच नंबर पुल में खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। निमार्णाधीन वाशिंग लाइन और स्टेशन का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उसके बाद पंजाब मेल से चले गए। जब तक एडीआरएम थे, कोई खिसक नहीं पाया।

ट्रेन से आए एडीआरएम लाल जी चैधरी स्टेशन का निरीक्षण करते हुए प्लेटफार्म चार और पांच पर जाने के लिए बने नए पुल को देखने पहुंच गया। पुल के फर्श में गड्ढा देखकर उनका माथा ठनक गया। उन्होंने साथ में चल रहे एडीईएन, रेल निर्माण निगम के इंजीनियर, सीनियर डीएन टू को गड्ढा दिखाते हुए पूछा ये क्या है..! इसमें किसी का भी पैर फंसा तो उसके गिरना पक्का है। अगर कोई घटना हुई तो कौन जिम्मेदार होगा। दोनो के पास कोई जवाब नहीं था। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। एसएस शमीम ने कोचिंग इंडिकेटर न होने से यात्रियों को आ रही समस्या से एडीआरएम को अवगत कराया। इसके लिए उन्होंने एसएस को आश्वास्त किया। इस दौरान पी डब्लू आई जितेन्द्र कुमार, चीफ हेल्थ निरीक्षक, आरपीएफ इंस्पेक्टर, एसओ जीआरपी, सफाई सुपरवाइजर समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एडीआरएम लालजी चौधरी।

# बंधक बनाकर रंगदारी वसूलने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

## अभियुक्तों के पास से अवैध असलहा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां पुलिस ने बंधक बनाकर रंगदारी वसूलने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से अवैध असलहा भी बरामद किया है। पुलिस की इस कार्यवाही से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम मातादीन का पुरवा में 18 अक्टूबर को गुजरात से कार द्वारा ब्रीकेट मशीन खरीदने आये तीन व्यक्तियों को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देते हुए खाते में 19 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कराने व 18 हजार रुपये गूगल पे कराने व मोबाइल फोन व कार की एलसीडी रख लेने के प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर हथिगवां पुलिस ने मु0अ0सं0 216/22 धारा 314, 342, 323, 504, 386 भादवि में सात नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया। उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्तगण।

कार्यवाही के क्रम में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल ने कड़े निर्देश दिये जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना हथिगवां उप निरी0 रोहित कुमार व उप निरी0 सुधांशु सिंह अपने हमराही के साथ वांछित वारंटी अभियुक्त की धर पकड के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के कैमा पुलिया के पास से मुकदमा उपरोक्त से संबधित तीन नामजद व एक प्रकाश में आया अभियुक्त को एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 5500 रुपये नगद व पांच मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। उक्त अवैध तंमचा कारतूस बरामदगी के संबंध में हथिगवां पुलिस ने मु0अ0सं0 217/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अलबसर पुत्र मो0 अजमल का के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। पकड़े गए अभियुक्तों ने पुलिस के पूछने पर अपना नाम अलबसर पुत्र मो0 अजमल नि0 परेवा नारायणपुर थाना हथिगवां, प्रदीप कोरी पुत्र सुन्दर लाल नि0 अकरमपुर थाना कोतवाली सिटी जनपद उन्नाव, मुददसीर पुत्र महफूद अहमद नि0 जलालुदीन का पुरवा परेमा नारायणपुर थााना हथिगवा, सतीश सरोज पुत्र रामफेर सरोज नि0 कुंडा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ बताया। बता दें कि अभियुक्त सतीश सरोज मु0अ0सं0 76/22 धारा 392, 394, 411 भादवि थाना बाघराय का वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त अलबसर का आपराधिक इतिहास है जिसके खिलाफ दर्जनों मुकदमे विभिन्न धाराओं में सम्बंधित थाने में दर्ज है। हथिगवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई से अपराधियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

### सोनामऊ गंगाघाट पर दीपदान कार्यक्रम कल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे ग्राम प्रधान संगीता देबी पत्नी सुरेश कुमार यादव व ग्रामवासियो के सहयोग से गंगा किनारे 4 नवम्बर को दीपदान के साथ मेले का आयोजन किया गया है, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी गोपाल भैया व विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबागंज विधायक बिनोद सरोज होंगे। उक्त आशय की जानकारी दीपदान संयोजक जीवन लाल यादव पूर्व प्रधान ने दी।

# कहर बरपा रहा हड्डी तोड़ बुखार, तीसरा मरीज डेंगू संक्रमित

## जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में हड्डी तोड़ बुखार (डेंगू) का कहर जारी है। जिला अस्पताल में डेली दस से बारह मरीजों को डेंगू रिपोंट पॉजिटिव निकल रही है। मच्छरों की रोकथाम के लिए हो रही कार्रवाई जमीनी हकीकत से परे है। जिसके कारण लोगो में डेंगू के प्रति भय बढ़ता ही जा रहा है।

जिले में डेंगू से अभी तक छह मरीजों को मौत हो चुकी थीं। संकर्मित की संख्या सौ के करीब है। इसमें पचास फीसदी मरीज पॉजिटिव हैं भर्ती हैं इलाज चल रहा है। राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल की बात करें तो इस समय

**डेली दस से बारह मरीज मिल रहे पॉजिटिव**

डेंगू के मरीजों की भरमार है। ओपीडी में हर तीसरा मरीज डेंगू संक्रमित है। अगर लैब में डेंगू टेस्ट की बात की जाय तो एलिजा टेस्ट की रिपोर्ट चैकाने वाली है। पॉजिटीव मरीजों का डेली का औसत दस है।

शहर और ग्रामीण इलाके के मोहल्ले गलियां गंदगी से भरे हैं। फागिंग और कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कागज पर हो रहा है। इस संबंध में सीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया। चिकित्सक का कहना है कि वैसे तो डेंगू वायरस से फैलता है। इसके बुखार को तीन श्रेणी में रखा गया है। क्लासिक, रक्तस्त्रावी और डेंगूशाक सिंड्रोम। इसमें सबसे घातक जानलेवा रक्तस्त्रावी डेंगू बुखार होता है। इसमें नाक से खून निकलने लगता है। जो जानलेवा हो सकता है।

### विटामिन सी का भरपूर करें सेवन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डेंगू बुखार से बचने को शरीर में विटामिन सी की कमी न होने दें। मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री डेंगू से बचाव के लिए आवला और कैंडी खाने की सलाह देते हैं। इनमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। इसके अलावा फुल बांह के कपड़े पहने। उनके अनुसार सूर्य निकालने और अस्त होने के घंटा भर पहले मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है। मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

# उदय मौर्य अध्यक्ष, राकेश वर्मा बने सचिव

## जल उपभोक्ता समिति का चुनाव संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को पट्टी में जल उपभोक्ता समिति का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ जिसमें सदस्यों के वोटों की गिनती करने के बाद उदय सिंह मौर्य अध्यक्ष तथा राकेश वर्मा सचिव पद पर निर्वाचित हुए तथा कोषाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा निर्वाचित हुए। मौजूद लोगों ने पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया।बुधवार को पट्टी नगर में स्थित कार्यालय पर सहायक अभियंता सिंचाई तेज प्रताप यादव की मौजूदगी में देधुआ माइनर व दफरा माइनर का चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें देधुआ माइनर के अध्यक्ष उदय सिंह मौर्य को बनाया गया। रोमांचक मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 1 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदय सिंह मौर्या ने बताया कि उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से 1 वोटों से जीत हासिल हुई है। इस दौरान उनसे बात करने पर उन्होंने बताया कि वह जिस पद के लिए निर्वाचित किए गए हैं पूरी गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। खेतों तक पानी पहुंचाना माइनर की सुरक्षा करना तथा सभी सदस्यों के सहयोग से कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी इस दौरान सचिव पद पर राकेश वर्मा तथा कोषाध्यक्ष पत्र राधेश्याम वर्मा की जीत पर मौजूद लोगों ने बधाई देते हुए फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया इस दौरान क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।



जल उपभोक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

# सर्प दंश से महिला की मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर निवासी चंदा देबी पत्नी स्व0 अमृतलाल यादव (45) वर्षीय मंगलवार को घर के अंदर साफ सफाई कर रही थी कि उसी घर मे छिपे जहरीले सर्प के काटने से अचेत हो गई जिसे परिजन लोग आनन फानन में झाड़ फूक के लिए लवाना ले गए जहाँ मौत हो गई। परिजनों को मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान मुरस्सापुर सुरेश कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर शव का पीएम कराया और परिजनों को दैबी आपदा सरकारी कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का परिजनों को आश्वासन दिया। मृतक का अन्तिम गंगाघाट किनारे परिजनों ने किया जहां भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शोहदों की छेडखानी से तंग छात्रा ने निगला जहर, आरोपियो के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छेडखानी से तंग आकर हाईस्कूल की छात्रा ने जहरीला कीटनाशक निगल लिया। गंभीर दशा में पीडिता का प्रयागराज के स्वरूप रानी में इलाज जारी है। घटना को लेकर पुलिस ने गांव के एक आरोपी समेत दो अज्ञात आरोपी के दोस्तो के खिलाफ छेडखानी तथा पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भिच्छुक का पुरवा निवासी पारस नाथ मिश्र की पत्नी सुद्दामा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके पुत्र प्रमेन्द्र मिश्र की पुत्री महक जलेशरगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दस की छात्रा है। उसकी नातिन के साथ स्कूल आते जाते समय गांव का विकास पाण्डेय पुत्र पुल्लर अपने दो दोस्तों के साथ छेडखानी किया करता था। इक्तीस अक्टूबर को पीडिता स्कूल से घर लौटी तो छेडखानी से तंग आकर उसने जहरीला कीटनाशक निगल लिया। पीडिता ने दादी को आपबीती सुनाई। छात्रा की तबीयत बिगडती देख परिजन उसे लालगंज सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सको ने हालत गंभीर देख छात्रा को स्वरूपरानी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज मे पीडिता का अभी भी आईसीयू वार्ड में इलाज जारी है। इधर पीडिता की दादी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विकास पाण्डेय तथा उसके दो अज्ञात दोस्तो के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# एडीओ ने दी प्रधान व सेक्रेटरी के खिलाफ तहरीर, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी योजना के लिए जमीन चयन में लापरवाही को लेकर प्रधान तथा सेक्रेटरी पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। लालगंज विकासखण्ड के अगई गांव मे ठोस एकीकृत प्रबंधन केंद्र हेतु पंचायत राज विभाग ने गडढायुक्त जमीन का प्रस्ताव मांगा था। ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ने बजट आंवटित होने के बाद विभाग को केंद्र से जुडी अनुपयुक्त जमीन का प्रस्ताव सौंप दिया।

मंगलवार को जिले के डीपीआरओ रविशंकर द्विवेदी ने स्थलीय निरीक्षण किया तो अनुपयुक्त जमीन का प्रस्ताव देख भड़क उठे। डीपीआरओ ने प्रधान तथा सेक्रेटरी के खिलाफ सरकारी धन के गबन की आशंका मे एडीओ पंचायत को केस दर्ज कराने के निर्देश दिये। बुधवार को ब्लाक मे तैनात एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने प्रधान रामकिंकर तथा सेक्रेटरी लालचंद्र पाल के खिलाफ कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौपी है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर मिली है, विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर एडीओ पंचायत द्वारा प्रधान व सेक्रेटरी के खिलाफ पुलिस मे तहरीर देने को लेकर बुधवार को दोपहर बाद ब्लाक मुख्यालय पर हडकंप का माहौल दिखा।

# तीन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के सरावा राजापुर गांव निवासी राममिलन सरोज पुत्र निर्मोही सरोज ने मगंलवार देर रात थाने में विपक्षियो पर मारपीट व गालीगलौज को लेकर तहरीर दी है। पीडित ने तहरीर मे कहा है कि रविवार दोपहर लगभग बारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के शुक्खू सरोज, फूलचंद्र सरोज पुत्रगण मोहन सरोज, गंगादीन पुत्र रामफेर सरोज एक राय होकर लाठी डंडे लेकर दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर उसके पिता तथा भाई को मारने पीटने लगे। चुटहिलों के हल्ला गुहार लगाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना को लेकर पुलिस ने सुक्खू सरोज समेत तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बलात्कार व अपहरण के मामले में न्यायालय ने सुनाई मृत्युदंड की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परसई गांव में 27 दिसम्बर 2021 को गाँव की नाबालिक किशोरी के साथ गाँव के ही चार लोगों ने मिलकर मासूम किशोरी के साथ बहला फुसलाकर ले जाकर बलात्कार किया था जिसे रेलवे ट्रैक किनारे खून से लथपथ मरा समझ कर छोड़ दिया था जिसमें पुलिस ने पीड़िता किशोरी के भाई की तहरीर पर 30 दिसम्बर 2021 को चार लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, जिसमे बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह की पैरवी पर बलात्कार, अपहरण और हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान दोषी पाए जाने पर अभियुक्त हलीम उर्फ खड़बड़ व रिजवान को मृत्यु दंड की सजा के साथ 50 हजार रुपये का जुमार्ना की सजा सुनाई। पीड़िता की बूढ़ी मां न्यायालय के फैसले को सही बताते हुए सराहना किया और कहा कि ऊपर वाले के देर है अंधेर नहीं। न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए परिवार की जानमाल की सुरक्षा की गुहार न्यायालय से लगाई है।

# अवकाश प्राप्त शिक्षा अधिकारी को मातृ शोक

**प्रतापगढ़।** अवकाष प्राप्त नगर षिक्षा अधिकारी श्रीराम मिश्र की 98 वर्षीय माता राजपति मिश्रा का आज निधन हो गया। मानधता विकास क्षेत्र के पूरे नियादर गांव में आज प्रातः लगभग नौ बजे अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। लोग आज उनके निधन पर उनकी सहजता व सहृदयता की चर्चा कर आंसू बहा रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज व रसूलाबाद घाट पर आज अपरान्ह में किया गया जिसमें उनके चारों पुत्र श्रीराम मिश्र, सियाराम मिश्र, राघवराम मिश्र व घनष्याम सहित अनेक रिष्तेदार अन्त्येष्टि में शामिल हुए। उनके निधन पर षिक्षा विभाग से जुड़े अनेक लोगों तथा पत्रकारों ने शोक जताया है।

# पूर्व प्रधान की बेटी की गला घोटकर हत्या

## भाभी के पास आए दिन गैर मर्दों के आने जाने का विरोध करती थी बालिका मनीषा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में भाभी के चरित्र का विरोध करने पर एक बालिका की गला घोटकर बीती रात हत्या कर दी गई है पूरी रात बालिका का शव घर के भीतर पड़ा रहा लेकिन किसी ने भी रात्रि में पुलिस को सूचना नहीं दी परिजन शव को ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन रात में होहल्ला सुनकर ग्रामीणों को आशंका थी जिस पर सुबह मामले की जानकारी ग्रामीणों ने महेवाघाट थाना पुलिस को दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने देखा कि बालिका के नाक और मुंह से खून निकला हुआ था जो बहकर गले तक लग गया था पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के


बालिका की मौत के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण।

लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पूर्व प्रधान कामता प्रसाद निषाद निवासी मुबारकपुर महेवाघाट की बेटी मनीषा निषाद उम्र 20 वर्ष की गला घोट कर बीती रात हत्या कर दी गई है बताया जाता है कि कामता निषाद ने दो शादियां की थी पहली पत्नी से अजय शंकर निषाद और दूसरी पत्नी से बेटा राजनू और बेटी मनीषा संतान है पहली पत्नी के बेटे अजय शंकर निषाद की पत्नी नीतू उर्फ गुड़िया के आचरण को लेकर आए दिन मनीषा विरोध किया करती थी घर के अंदर गैर मर्दों का आए दिन आना जाना लगा रहता था जिसके चलते आए दिन घर में बात विवाद और झगड़ा लड़ाई होते थे बीती रात गैर मर्दों को घर के अंदर आने पर मनीषा ने विरोध किया जिसके बाद गला घोट कर उसकी हत्या कर दी गई है रात भर घर में मनीषा की लाश पड़ी रही लेकिन पूर्व प्रधान उनकी बहू और बेटे ने मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी है मनीषा की हत्या करने के बाद लाश गायब करने की कोशिश परिजन कर रहे थे बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई है

## चौकी प्रभारी की प्रताड़ना से युवक ने खाया जहर

**चायल, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के नेवादा निवासी बदामा पुत्र रामबाबू सेन के मुताबिक बताया कि मुझे भगवानपुर पुर चौकी प्रभारी के द्वारा हर रोज प्रताड़ित किया जा रहा है और मेरी दुकान में जबरिया तलाशी लिया जा रहा है जब मैंने पूछा कि महोदय दुकान में कुछ भी नहीं है लेकिन प्रभारी महोदय वर्दी का रोब दिखाते हुए जबरन तलासी लिया जब दुकान में कुछ नहीं मिला तब प्रभारी महोदय द्वारा पीड़ित से पैसे की मांग किया गया पैसा न नहीं देने पर दुकान बंद करने की धमकी दीया जिससे परेशान हो कर युवक को यह कदम उठाना पड़ा जिससे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसका इलाज एस आर एन में चल रहा है भगवानपुर चौकी इंचार्ज के कारनामो के अनेकों उदाहरण है लेकिन अभी तक उच्चाधिकारियों के द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हुई

# पत्नी ने मुंह फेरा,आक्रोशित परिजनों ने नम आंखों से किया अंतिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा इटैली पुर निवासी उमेश पुत्र जंगी लाल ने सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया था जिसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी थी मंगलवार पोस्टमार्टम होने के बाद भी उसके भाई सहित परिजन मृतक उमेश की पत्नी और ससुराल वालों पर कई तरह के आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार नही किया आज बुधवार को मृतक के परिजन थाना धाता में तहरीर देने गए किंतु धाता पुलिस ने तहरीर नही लिया थक हार कर पत्नी और ससुराल वालों के न पहुंचने पर अंतिम संस्कार कर दिया मृतक युवक के परिजन अंतिम संस्कार में पत्नी और ससुराल पक्ष को दोषी ठहरा रहे थे


अंतिम संस्कार में लगी भीड़।

उनका कहना था उन लोगों ने यदि जहर खाने को मजबूर नही किया होता तो वह अंतिम संस्कार में आते लेकिन नही आये और मौत के पहले ही फरार हो गए थे , घटना को संदिग्ध मौत बताते हुए कई घण्टे सैकड़ों लोग मौजूद रहे मृतक की पत्नी और ससुराल वालों को कोसते रहे हैं अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर अंतिम संस्कार करवा दिया है।

# डेंगू के खौफ के साये में जीने को मजबूर नगरवासी,कुम्भकर्णी नींद में नगर प्रशासन

## फॉगिंग,एंटीलारवा का छिड़काव फाइलों में कैद,मालामाल हो रहे जिम्मेदार

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले सहित आसपास के जनपदों में डेंगू का कहर जारी है अनगिनत लोग डेंगू की बीमारी से जूझ रहे हैं जिले में दर्जनों मरीज डेंगू मच्छर जनित बीमारियों से काल कवलित हुए हैं गंदगी और मच्छर जनित बीमारियों से बुखार आता है।

शीघ्र ही पीड़ित इंसान का प्लेटलेट्स कम हो जाता है। सरकार के सख्त आदेश के बावजूद अझुवा नगर प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है यदा कदा किसी किसी वार्ड में फॉगिंग और एंटीलारवा का छिड़काव कर अपने कार्यों को इतिश्री कर रहें है जिसका नगर वासियों में जबरदस्त आक्रोश दिख रहा है लोग सोसल मीडिया फेसबुक और व्हाट्सएप में जिम्मेदार अधिकारियों और चेयरमैन सभासदों से एंटीलारवा फॉगिंग करवाने की गुहार लगा रहे हैं वहीं जिम्मेदार कागजी कोरम पूरा करते हुए कुछ जगहों में धुंआ और छिड़काव की फोटो भेजकर माला माल हो रहे हैं नगर पंचायत अझुवा में 12 वार्ड हैं नगर वासियों के अनुसार सप्ताह--15 दिन में किसी किसी वार्ड में एंटीलारवा और फॉगिंग की मशीन खड़ी कर फोटो खिंचवाने में जिम्मेदार मशगूल रहते हैं वहीं अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह जो अझुवा से 50 किमी दूर चरवा में पदस्थ और अझुवा नगर पंचायत सम्बद्ध हैं उन्होंने बताया! हां ऐसी शिकायत है जिसे शीघ्र दूर कर लिया जाएगा नगर पंचायत में बड़े स्तर पर फॉगिंग और एंटीलारवा का छिड़काव कराया जाएगा।नगर वासियों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सरकार के उच्च पदाधिकारियों से नगर पंचायत प्रशासन की शिकायत करते हुए बड़े पैमाने पर हो रही लापरवाही और धांधलेबाजी पर संज्ञान लेने की अपील की है।

# 3 वाहनों में पूरा दिन मुख्यालय में बिकता अवैध गैस सिलेंडर अधिकारी मौन

## गुजरात में पुल गिरने की तरह यदि हुआ बड़ा हादसा तो कौन होगा जवाब देंह

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पूरे दिन अवैध गैस सिलेंडर की बिक्री होती है 3 बड़े वाहनों में सिलेंडर लेकर गैस माफिया पूरे दिन कस्बे और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में गैस की कालाबाजारी करते हैं चचाओं पर जाए तो प्रतिदिन जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सैकड़ों गैस सिलेंडर की कालाबाजारी होती है एचपी गैस एजेंसी में नौकरी करने वालों लोगों ने एजेंसी से नौकरी छोड़ दिया है और गैस की कालाबाजारी में लग गए सुरक्षा मानकों को अनदेखी कर मुख्यालय में बिकने वाले गैस सिलेंडर से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका होने के बाद भी अवैध तरीके से बिकने वाले गैस सिलेंडर को रोकने के लिए अधिकारी सक्रिय नहीं हुए हैं 10 दिनों पूर्व अवैध गैस सिलेंडर के एक वाहन को जिला पूर्ति अधिकारी ने पकड़ा था जिसमे 45 अवैध गैस सिलेंडर लदे हुए थे लेकिन बाद में लेनदेन कर उसे छोड़ दिया गया है यदि अवैध गैस सिलेंडर नही छोड़े जाते तो साढ़े चार लाख रुपए का जुमार्ना माफिया को जमा करना पड़ता है जुमार्ना सरकारी खजाने के राजस्व को बढ़ाता लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी ने ऐसा नहीं किया दस दिन बीत जाने के बाद भी गैस माफिया पर जिला पूर्ति अधिकारी ने कार्यवाही नहीं की बताया जाता है कि पश्चिम सरीरा क्षेत्र की दो गैस एजेंसी और पइंसा क्षेत्र की एक एजेंसी के गैस मंझनपुर में अधिक कीमत लेकर बिक्री की जाती है गैस उपभोक्ताओं को बिल बाउचर रसीद नहीं दिया जाता है और ग्राहकों को गुमराह किया जाता है कि उनके कनेक्शन का गैस दिया जा रहा है जबकि कनेक्शन की गैस नहीं मिल पाती है। अवैध गैस सिलेंडर के पकड़े जाने पर प्रति सिलेंडर दस हजार रुपए का जुमार्ना सरकार ने निर्धारित कर रखा है लेकिन गैस के काले कारोबार में लगे लोगों से जुमार्ना वसूलने के बजाए विभाग के अधिकारी उनके अवैध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं अब सवाल उठता है कि गैस सिलेंडर की बिक्री में सरकार ने कठोर नियम बनाए हैं सुरक्षा के नियम कायदे बनाए गए हैं लेकिन बिना सुरक्षा के विक्रय हो रहे गैस सिलिंडर के चलते यदि मंझनपुर में बड़ा हादसा हुआ और जनधन की बड़ी हानि हुई तो उसका जवाब देह कौन होगा 2 दिन पूर्व गुजरात में पुल गिर जाने से बड़ा हादसा हो चुका है लेकिन उसके बाद भी हादसों को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है।

## साइकिल सवार वृद्ध को ट्रक ने कुचला हुई दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के देवीगंज सिराथू मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को कुचल दिया जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी।

घटनाक्रम के मुताबिक बुधवार दोपहर कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मीरा पुर निवासी रामसिंह पुत्र महाबली साइकिल से देवी गंज बाजार गए थे वापस लौटते समय देवीगंज से कुछ दूर सिराथू मार्ग पर सड़क किनारे पड़ी बालू से साइकिल सहित फिसल कर गिर गए उसी समय तेज रफ़्तार ट्रक नम्बर व ढ72३1785 के नीचे वह आ गए जिससे मौके पर ही वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची कड़ा धाम पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजते हुए कार्रवाई में जुट गई है।ट्रक ड्राइवर फरार बताया जा रहा है।

# विधुत विभाग की लापरवाही से कभी हो सकता है बड़ा हादसा

## पोल टूटने से लटक रही तार को आज तक दुरुस्त नही कर पाये भ्रष्ट अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यानाथ जी चाहे लाख उपाय करें लेकिन जिले मे विधुत विभाग की भ्रष्टाचारी लापरवाही चरम सीमा पर है विधुत पोल टूटने के बाद तार लटक रहा है कहीं किसी के छत पर तो कहीं किसी के खेत मे जिससे कभी भी हादसे हो सकते है।

बताना जरुरी होगा कि तिल्हापुर मोड़ के पेरवा पावर हाउस के औधन गांव के मजरा गौहर अली का पूरा जो कि लोधउर से लगा हुआ है यहां पर बीते दो वर्षों से दो से तीन पोल टूट जाने के कारण तार जैसे के तैसे उसी तरह किसी के छत पर गिरा पड़ा है तो कही सड़क के किनारे खेत मे तार लटक रही है लेकिन विधुत विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों ने आज तक कोई ठोस कदम नही उठाया जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नही किया जा सकता इन भ्रष्ट अधिकारियो को आज तक देखने का समय नही मिला जो जांच का बिषय है।

## भरवारी में डेंगू से एक बालिका फिर हुई पीड़ित

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** डेंगू के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सारे अभियान फेल होते जा रहे हैं भरवारी नगर क्षेत्र में डेंगू ने पैर पसार लिया है कस्बे के मेहता रोड निवासी गौरी पुत्री गोलू को चिकित्सकों ने डेंगू प्रभावित घोषित किया है नगर क्षेत्र में नाली नाला गंदगी से कस्बा बजबजा रहा हैं नगर क्षेत्र में साफ-सफाई का अभाव है जिससे नगर क्षेत्र में डेंगू ने तेजी से पैर पसार लिया है सरकार को झूठे आंकड़े भेजकर डेंगू पर कंट्रोल की बात स्वास्थ्य विभाग कर रहा है गंदगी के चलते नगर क्षेत्र में मच्छरों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है जिससे कस्बे के लोगों में विभाग के प्रति जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त है।

## राजर्षि टण्डन मुक्त विश्व विद्यालय का अध्ययन केन्द्र बना महामाया राजकीय महाविद्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विश्व विद्यालय द्वारा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर के एम ए, एम. एस सी. तथा स्नातक स्तर के बी ए, बी एससी सहित अनेक रोजगार परक पाठ्यक्रमों में सत्र 2022 से प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान कर दी गई है. प्राचार्य डा. विनय कुमार सिंह सहित सभी प्राध्यापकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की बच्चे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी महाविद्यालय से कर सकने के साथ साथ वोकेशनल कोर्सेज भी कर सकेंगे. समन्वयक डा. अजय कुमार ने बताया कि मुक्त विश्व विद्यालय का केंद्र बन जाने से क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी विशेष रूप से लाभान्वित हो सकेंगे जो किन्हीं कारणों से रेगुलर मोड में अध्ययन नहीं कर पाते

## चालकों की कमी के चलते कैसे होगा अग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** अग्निशमन विभाग में चालकों की बेहद कमी है जिससे अग्निकांड की घटनाओं के रोकथाम में विभागीय अधिकारियों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बताते चलें कि 5 फायर सर्विस स्टेशन के अंतर्गत 5 बड़े अग्निशमन नियंत्रण वाहन एक छोटा अग्निशमन वाहन और फायर सर्विस के तीन सेंटर के इंचार्ज के पास तीन पुलिस जीप मौजूद है कुल 9 वाहन मौजूद होने के बाद जिले में विभाग के पास केवल 4 चालक मौजूद है कभी-कभी व्यक्तिगत आवश्यकता के चलते चालक छुट्टी ले लेते हैं जिससे चालको की संख्या और कम हो जाती है अग्निशमन अधिकारी लालजी गुप्ता ने डीजी फायर सर्विस लखनऊ को पत्र भेजकर चालको की तैनाती कराए जाने की मांग की है लेकिन उसके बाद भी कौशांबी जिले के फायर सर्विस को अभी तक चालक नहीं मिल सके हैं।

# गोशालाओं में पर्याप्त भूसा चारा की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित रखा जाए:डीएम

## गौशालाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** गौशालाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में बैठक की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन गौशालाओं के निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित ई0ओ0 एवं बी0डी0ओ0 को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण करते हुए तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय, अन्यथा सख्त कार्यवाही की


गौशाला की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी।

जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्मित गौशालाओं में गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश दियें आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि गौशालाओं में क्षमता के अनुरूप गोवंशों को संरक्षित किया जाना सुनिश्चित किया जाय

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गोशालाओं में पर्याप्त भूसा चारा की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित रखा जाय, किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने सभी ई0ओ0 एवं बी0डी0ओं0 से कहा कि गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाह का सीमान्कन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी बी0डी0ओ0 को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र ही कैटल कैचर क्रय करने के भी निर्देश दियें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डेंगू से मौत पर सीएमओ ने शासन को भेजी शून्य रिपोर्ट

## निजी नर्सिंग होम में डेंगू पीड़ित मरीजों के इलाज के नाम पर लाखों खर्च करने के बाद तमाम मरीजों की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** डेंगू के पीड़ित मरीजों की संख्या निजी नर्सिंग होम में दिनोंदिन बढ़ रही है आए दिन इलाज के दौरान डेंगू पीड़ित मरीजों की मौत हो रही है सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी नर्सिंग होम तक मरीजों में डेंगू के लक्षण बताकर चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं और इलाज के नाम पर डेंगू मरीजों से निजी नर्सिंग होम में मोटी रकम वसूली जा रही है डेंगू के बढ़ते प्रकोप से लोगों में दहशत और भय का माहौल है चिकित्सकों की मानें तो निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान तमाम डेंगू पीड़ित मरीजों की मौत हो चुकी है जिन मरीजों की मौत हुई है उनके परिजन भी डेंगू से मौत की पुष्टि कर रहे हैं चायल तहसील क्षेत्र में डेंगू से पीड़ित 28 मरीजों की मौत हो चुकी है लेकिन डेंगू से मौत के मामले को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय इनकार कर रहा है मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा शासन को भेजी गई डेंगू रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 87 डेंगू पीड़ित मरीज मिले है जिनमें 84 मरीज ठीक हो चुके हैं और 3 डेंगू पीड़ित मरीजों का इलाज चल रहा है सीएमओ कार्यालय द्वारा शासन को भेजी गई डेंगू की रिपोर्ट में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है अब यह आंकड़ों में कहां खेल हो रहा है यह बड़ी जांच का विषय है

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग गुलामी पुर गनपा के पास प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी है टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी है।

जानकारी के मुताबिक ओमबीर उम्र 28 वर्ष पुत्र सूबेदार ग्राम नगला कोठी थाना नवीगंज मैनपुरी पटाटिना बाइक से प्रयागराज की तरफ से कानपुर की तरफ जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार सैनी


दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस।

कोतवाली के गनपा गुलामीपुर के पास पहुँचे अज्ञात वाहन ने उन्हें रौद दिया। जिससे मौके पर बाइक सवार की मौत हो गई घटना स्थल मे मौके पर पहुंची सैनी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन

## नगर पंचायत अझुवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक अनुराग शरण जी महाराज ने भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का किया वर्णन

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक अनुराग शरण जी महाराज ने भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षस पूतना को भेजता है। पूतना वेष बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती


भागवत कथा में उमड़ी भीड़।

है। लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं।

भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इन्द्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इन्द्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इन्द्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। जिसके बाद बृज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। वहीं यजमान शारदा प्रसाद अग्रहरि व दिनेश अग्रहरि ने परिवार संग आरती कर पुष्पवर्षा की। मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया।इस अवसर पर आयोजक दिनेश अग्रहरी,सौरभ केसरवानी सहित हजारों कथा श्रवण करने वाले भक्त मौजूद रहे

# बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने मुख्यालय में काट डाले 27 विशाल पेड़

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** वन विभाग की लापरवाही और लकड़ी माफियाओं से संलिप्तता के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं बेखौफ तरीके से जिले में हरे पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन उसके बाद भी लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है जिससे विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता पर सवाल उठना शुरू हो गया है आला अधिकारियों के मुख्यालय में मौजूद होने के बाद भी जनपद मुख्यालय में भी हरे पेड़ सुरक्षित नहीं रह गए हैं बेखौफ लकड़ी माफिया हरे पेड़ों को काटकर उसकी लकड़ियां उठा ले जाते हैं लेकिन उन पर कार्यवाही नहीं हो रही है शनिवार के दिन मंझनपुर मुख्यालय में डीएम आवास के सामने की सड़क में जलनिगम के गोदाम के पास 27 हरे विशाल पेड़ काट दिए गए थाना पुलिस और वनविभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने रहे पूरे दिन दो दर्जन मजदूरों को लेकर लकड़ी माफिया पेड़ काटते रहे बड़े बड़े वाहनों में हरे पेड़ की लकड़ियों को लेकर पूरे दिन वाहनों से लकड़ी का परिवहन किया जाता रहा लेकिन वन विभाग के अधिकारी लकड़ी माफियाओं को रोक नहीं सके चचाओं पर जाएं तो वन विभाग के चर्चित वन दरोगा के जरिए अफसरों तक रुपए पहुंचाने के नाम पर लकड़ी माफिया से पचास हजार का ठेका हुआ है चर्चित वन दरोगा के चलते



विभागीय अधिकारी भी लकड़ी माफिया पर कार्रवाई करने का साहस नहीं कर सके हैं

जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी आवास के सामने बबुरा ग्राम सभा में जल निगम के गोदाम के पास 7 गूलर के पेड़ 10 नीम के पेड़ सहित कुल 27 हरे विशाल पेड़ शनिवार के दिन लकड़ी माफियाओं ने काटकर दिया है और मुख्यालय में बैठे वन विभाग के डीएफओ से लेकर रेंजर तक डफली बजाते रह गए विभाग का एक मठाधीश वन दरोगा 50 हजार की सौदेबाजी कर के लकड़ी माफियाओं को हरे भरे हुए पेड़ को काटने और लकड़ी ले जाने की छूट दे दिया है मुख्यालय में बैठे रेंजर और डीएफओ धृतराष्ट्र बने रह गए विभागीय संलिप्तता कि हद तो तब हो गई जब विभाग के नाक के नीचे 27 विशाल हरे पेड़ काट दिए जाने की जानकारी नहीं हो सकी जिले के तीनों रेंज क्षेत्र में प्रतिदिन लकड़ी माफिया हरे पेड़ों के कटान में सक्रिय हैं और प्रभागीय वन अधिकारी धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहे हैं लोगों ने डीएम एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लकड़ी माफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है यदि शासन ने हरे पेड़ों के अवैध कटान के मामले को गंभीरता से लिया तो वन विभाग के प्रभारी वनाधिकारी और मंझनपुर रेंजर पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है

संपादकीय

# आपदा में अवसर

**रविवार** को गुजरात में मोरबी में माछू नदी के ऊपर बने झूलते पुल के गिरने से जो दर्दनाक हादसा हुआ, उसे हादसा न कहकर जानलेवा अपराध कहना उचित होगा। इस दुखद घटना में मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है, और ये देखना ज्यादा पीड़ादायी है कि किस तरह सरकार को जिम्मेदारी से बचाने के लिए सत्ता के चाटुकार कुछ लोग पीड़ितों को ही इसका दोषी बताने में लगे हुए हैं। कलम या माइक हाथ में लेने से कोई पत्रकार नहीं हो जाता, इस बात को आज फिर से रेखांकित करने की जरूरत है। क्योंकि असली पत्रकार वही है जो तथ्यों की पड़ताल करने के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचता है। सत्ता का मुंह देखकर ठकुरसुहाती करने वाले चमचे हो सकते हैं, पत्रकार नहीं हो सकते। खेदजनक बात ये है कि मीडिया की चकाचौंध और इसमें लगी बड़ी पूंजी के दबाव में बहुत बार आम जनता भी आ जाती है। फिर वो सही या गलत की व्याख्या अपने विवेक से न करके बलपूर्वक थोपी गई बात को ही सही मानने लगती है। जैसे कोरोनाकाल के दौरान तब्लीगी जमात पर कोरोना फैलाने का आरोप क्या लगा, हिंदू-मुस्लिम करने वाले मीडिया ने इसे फौरन लपका और उसके बाद देश भर में किस तरह अल्पसंख्यकों को शक की निगाह से देखा गया, उनका आर्थिक बहिष्कार किया गया, उनके बारे में झूठी खबरें फैलाई गईं, ये जनता ने देखा है। लॉकडाउन के वक्त भी लाखों मजदूर जब बेघर होकर सड़कों के रास्ते भरी गर्मी में सैकड़ों किमी का सफर तय कर अपने घर लौटने को बाध्य कर दिए गए, तब भी अपने सुविधानजक घरों में बैठे लोगों ने उनकी इस हालत के लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया। सत्ता की चमचागिरी करने वाले पत्रकारों ने तब भी इसी बात को प्रचारित किया कि लॉकडाउन की अनायास घोषणा क्यों जरूरी थी और इससे किस तरह देश को महामारी में राहत दिलाने का काम सरकार ने किया है। इन तथाकथित पत्रकारों को मजदूरों की त्रासदी भरी जिंदगियों की जगह सरकारी घोषणाओं के प्रचार में दिलचस्पी थी। ताली-थाली बजाने से क्या फायदा हुआ और कैसे एक आह्वान पर सबने दिए या बल्ब जला दिए, इससे सरकार की ताकत नाप ली गई। जबकि वह वक्त सरकार से सवाल करने का था कि आखिर कुछ घंटों में किस तरह लाखों लोग एक स्थान से दूसरे स्थान सुरक्षित जा सकते हैं। सरकार ने उन्हें तकलीफ और उलझन में डालने की जगह पहले ही उनकी सहायता का प्रबंध क्यों नहीं किया।

# राहुल का नारा: अब भारत तोड़ो

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**अपनी** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने ह्यभारत तोड़ोह्ण का नारा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में जातीय जनगणना फिर से शुरू की जानी चाहिए। 2011 में कांग्रेस ने जातीय जनगणना करवाई थी लेकिन भाजपा सरकार ने उस पर पानी फेर दिया। उसे सार्वजनिक ही नहीं होने दिया और अब 2021 से जो जनगणना शुरू होनी थी, उसमें भी जातीय जनगणना का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी इस वक्त जो कुछ कह रहे हैं, वह शुद्ध थोक वोट की राजनीति का परिणाम है। वे चाहते हैं कि इसके बहाने वे पिछड़ी जातियों के वोट आसानी से पटा लेंगे। लेकिन यदि राहुल गांधी को कांग्रेस के इतिहास का थोड़ा-बहुत भी ज्ञान होता तो वह ऐसा कभी नहीं कहते। क्या मैं राहुल को बताऊं कि अंग्रेज सरकार ने भारत में जातीय जनगणना इसलिए चालू करवाई थी कि वे भारत के लोगों की एकता को तोड़ना चाहते थे। क्यों तोड़ना चाहते थे? क्योंकि 1857 के स्वातंत्र्य-संग्राम में भारत के हिंदुओं और मुसलमानों ने मिलकर अंग्रेज सरकार की जड़ें हिला दी थीं। पहले इन दो आबादियों को तोड़ना और फिर जातियों के नाम पर भारत के सैकड़ों-हजारों दिमागी टुकड़े कर देना ही इस जातीय जनगणना का उद्देश्य था। इसीलिए 1871 से अंग्रेज ने जातीय जनगणना शुरू करवा दी थी। कांग्रेस ने इसका डटकर विरोध किया था। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने जातीय जनगणना के विरोध में सारे भारत में जनसभाएं और प्रदर्शन आयोजित किए थे। इसी का परिणाम था कि 1931 में ह्यसेंसस कमिश्नरह्ण जे.एच.हट्टन ने जातीय जनगणना पर प्रतिबंध लगा दिया। इस तरह की गणना कितनी गलत, कितनी अशुद्ध और कितनी अप्रामाणिक होती है, यह उन्होंने सिद्ध किया लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने थोक वोटों के लालच में 2011 में इसे फिर से करवाना शुरू कर दिया। किसी भी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया, क्योंकि सभी पार्टियां थोक वोट पटाने की फिराक में रहती हैं।


इसके विरोध का झंडा अकेले मैंने उठाया। मैंने मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलन शुरू किया। उस आंदोलन का विरोध करने की हिम्मत किसी नेता की नहीं पड़ी। तब गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी जरूर मुझे फोन कर के सहयोग देते रहे। बाद में जो लोग देश के सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हुए, वे भी उस समय झंडा उठाकर मेरे साथ चलते रहे। मैं सोनिया गांधी को धन्यवाद दूंगा कि जैसे ही वे न्यूयॉर्क में अपनी माता जी के इलाज के बाद दिल्ली लौटीं, उन्होंने सारी जानकारी मुझसे मांगी और उन्होंने तत्काल जातीय जनगणना को बीच में ही रुकवा दिया। मोदी को इस बात का श्रेय है कि प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने जातीय जनगणना के जितने अधूरे आंकड़े इकट्ठे किए गए थे, उन्हें भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। काश, उक्त बयान देने के पहले राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी से तो सलाह कर लेते।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

# बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान

राजेंद्र शर्मा

**किसी** से छुपा हुआ नहीं है कि समान नागरिक संहिता का मुद्दा शुरू से संघ परिवार के केंद्रीय या कोर मुद्दों में रहा है, जिन्हें वह अपनी मूल पहचान के मुद्दे मानता है। बहरहाल, उसके अलावा भी बहुसंख्यकवाद की अपनी पैरोकारी को छुपाने के लिए, तरह-तरह की झूठी-सच्ची दलीलों से समान नागरिक संहिता की पैरवी करने वालों को भी, दो-टूक तरीके से यह कहना कभी मंजूर नहीं होता है कि विवाह, उत्तराधिकार आदि के मामलों से हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सभी पर्सनल कानूनों की जगह पर, धार्मिक विधि-निषेधों से ऊपर, बराबरी के जनतांत्रिक दावों पर आधारित समान नागरिक संहिता की जरूरत है




एरानी कहावत है कि मिट्टी की हांडी तो गयी, पर कुत्ते की जात का पता चल गया। इस साल के आखिर में होने जा रहे गुजरात के विशेष रूप से महत्वपूर्ण चुनाव के नतीजों पर, इस चुनाव में आप पार्टी सुप्रीमो, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में, इस पार्टी के अपनी पूरी ताकत झोंक देने का क्या और किस हद तक असर पड़ेगा, इस पर तो अलग-अलग रायें हो सकती हैं। लेकिन यह निर्विवाद है कि अभी जबकि चुनाव की तारीखों की घोषणा भी नहीं हुई है, आप पार्टी के मूल चरित्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू उजागर भी हो चुका है। यह पहलू है, संघ-भाजपा के बहुसंख्यकवादी मंच के सामने समझौते करने या उसके आगे समर्पण ही कर देने से आगे बढ़कर, उसको उसी के मैदान में हराने की, उससे बढ़कर बहुसंख्यकवादी बनकर दिखाने की, होड़ करने का। याद रहे कि आप पार्टी के सुप्रीमो ने इसमें भी किसी संदेह या दुविधा की गुंजाइश नहीं छोड़ी है कि यह सिर्फ बहुसंख्यक हिंदू समुदाय का "अपना" बनकर दिखाने भर की, होड़ का मामला नहीं है। यह बाकायदा बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता का चैंपियन बनने की होड़ का मामला है, जिसकी पहचान मुस्लिम अल्पसंख्यक विरोधी चेहरा दिखाकर, हिंदू बहुसंख्यकों को गोलबंद किए जाने से होती है। समान नागरिक संहिता या कॉमन सिविल कोड की मांग के लिए अपने समर्थन का बाकायदा एलान करने के जरिए, अरविंद केजरीवाल ने उक्त होड़ के लिए , अपना मुस्लिम अल्पसंख्यक विरोधी चेहरा आगे कर दिया है। यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है कि तथाकथित समान नागरिक संहिता या कॉमन सिविल कोड का मुद्दा भारत में हमेशा से, अपनी अल्पसंख्यक विरोधी धार के लिए ही जाना जाता रहा है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि चुनाव आयोग द्वारा अंततः चुनाव की तारीखें घोषित किए जाने से पहले के अपने संभवतः आखिरी उद्घाटन- विमोचन-घोषणा दौरे पर, प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात में पहुंचने से ठीक पहले ही, भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में समान नागरिक कानून के लिए कदम उठाने का फैसला कर लिया गया और इसके लिए हाई कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में, एक कमेटी बनाने का एलान कर दिया गया। याद रहे कि भाजपा कोई पहली बार ऐसा नहीं कर रही थी। खुद नरेंद्र मोदी की ही छत्रछाया में इससे पहले उत्तराखंड में भी चुनाव से ऐन पहले, समान नागरिक कानून के लिए कदम उठाने का ऐसा ही एलान किया गया था। बहरहाल, गुजरात के मामले में नयी बात हुई कि इस बार आप पार्टी, इस मामले में भी भाजपा से होड़ लेने के लिए मैदान में कूद पड़ी। आप सुप्रीमो यह कहकर अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता कानून बनाने का अनुमोदन करने तक ही नहीं रुके कि, "आप को समान नागरिक संहिता लागू करना ही नहीं है, आपकी नीयत खराब है।" इससे आगे बढ़कर उन्होंने यह भी एलान किया कि, "समान नागरिक संहिता बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को समान नागरिक संहिता बनानी चाहिए।"

किसी से छुपा हुआ नहीं है कि समान नागरिक संहिता का मुद्दा शुरू से संघ परिवार के केंद्रीय या कोर मुद्दों में रहा है, जिन्हें वह अपनी मूल पहचान के मुद्दे मानता है। बहरहाल, उसके अलावा भी बहुसंख्यकवाद की अपनी पैरोकारी को छुपाने के लिए, तरह-तरह की झूठी-सच्ची दलीलों से समान नागरिक संहिता की पैरवी करने वालों को भी, दो-टूक तरीके से यह कहना कभी मंजूर नहीं होता है कि विवाह, उत्तराधिकार आदि के मामलों से हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सभी पर्सनल कानूनों की जगह पर, धार्मिक विधि-निषेधों से ऊपर, बराबरी के जनतांत्रिक दावों पर आधारित समान नागरिक संहिता की जरूरत है। और जाहिर है कि ऐसी कोई जनतांत्रिक जरूरत तो जनतांत्रिक तरीके से यानी जनजागरण के जरिए, उक्त निजी कानूनों की जगह पर, ऐसे जनतांत्रिक समान निजी कानून की जरूरत जनता से मनवाने के जरिए ही, पूरी की जा सकती है। यह भी याद रहे कि आप पार्टी इस होड़ में उस गुजरात में उतरी है, जिसने 2002 के आरंभ में आजादी के बाद का सबसे बड़ा और सबसे प्रत्यक्ष रूप से शासन अनुमोदित, मुस्लिम विरोधी नरसंहार देखा था। बेशक, यह भी याद रखा जाना चाहिए कि उस नरसंहार के ही बल पर कथित

> चुनावी नतीजे की अटकलों में न जाकर, यहां हम सिर्फ इतना रेखांकित करना चाहेंगे कि हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता की दुहाई का सहारा लेने के मैदान में, आप सुप्रीमो केजरीवाल, भाजपा सुप्रीमो नरेंद्र मोदी से होड़ ले रहे हैं। और यही चीज है जो केजरीवाल और उनकी आप पार्टी को, कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी पार्टियों से अलग कर देती है

'हिंदू हृदय सम्राट' बनकर उभरे और अपने इसी चेहरे का, 'कारपोरेट हृदय सम्राट' के चेहरे से योग कायम कर, उस नरसंहार के बारह साल बाद भारत के प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचे तथा अब तक खुद को लगभग चक्रवर्ती सम्राट के रूप में स्थापित कर चुके, नरेंद्र मोदी की खड़ाऊं से बल्कि कहना चाहिए कि स्वयं मोदी से ही, आप सुप्रीमो केजरीवाल का, बहुसंख्यक सांप्रदायिकता के मैदान में यह मुकाबला होना है। इस मुकाबले में क्या नतीजा आ सकता है, इसका अनुमान लगाना ज्यादा मुश्किल नहीं है। फिर भी, चुनावी नतीजे की अटकलों में न जाकर, यहां हम सिर्फ इतना रेखांकित करना चाहेंगे कि हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता की दुहाई का सहारा लेने के मैदान में, आप सुप्रीमो केजरीवाल, भाजपा सुप्रीमो नरेंद्र मोदी से होड़ ले रहे हैं। और यही चीज है जो केजरीवाल और उनकी आप पार्टी को, कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी पार्टियों से अलग कर देती है। चुनावी सफलता मिलना न मिलना अपनी जगह, केजरीवाल की आप पार्टी विकल्प के नाम पर, मोदी की भाजपा की हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक विकल्प ही पेश करने की कोशिश कर रही है, जो कोई विकल्प ही नहीं है। केजरीवाल की आप पार्टी ने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता के मैदान तक की अपनी यह यात्रा कोई एक झटके में नहीं बल्कि धीरे-धीरे तय की है। "लोकपाल कानून" की मांग को लेकर चले जिस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से एक राजनीतिक नेता के रूप में केजरीवाल तथा उनकी आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था, पर्दे के पीछे से उसके आरएसएस के साथ रिश्तों की कहानी अब काफी हद तक सामने आ चुकी है। लेकिन, उसकी अर्थव्यवस्था पर कारपोरेट नियंत्रण तथा भ्रष्टाचार से उसके रिश्तों से लेकर, बढ़ती सांप्रदायिकता तक पर मुखर चुप्पियों की सचाई तो, तब भी एक खुला राज था। बाद में दिल्ली में, आम तौर पर भाजपा-समर्थक जनाधार के एक बड़े हिस्से की "स्थानीय पसंद" के रूप में मुख्यमंत्री पद पर पहुंचने के साथ ही केजरीवाल ने, तथाकथित हिंदू भावनाओं-संवेदनशीलताओं का वीटो बिना किसी ना-नुकुर के स्वीकार कर लिया। लेकिन, केजरीवाल की आप पार्टी इतने पर भी नहीं रुकी। मोदी के विरोध के अपने सारे प्रदर्शन के बावजूद, पहले जेएनयू के छात्र नेताओं व आम तौर पर छात्र आंदोलन के खिलाफ सरकार की दमनकारी कार्रवाइयों से लेकर संघ परिवार की सड़क हिंसा तक, केजरीवाल ने न सिर्फ चुप्पी साधे रखी बल्कि आगे चलकर, जेएनयू के वामपंथी छात्र नेताओं के खिलाफ राजद्रोह के सरासर फर्जी मामले चलने के लिए भी उनकी सरकार ने इजाजत दे दी। और आगे चलकर, सीएएविरोधी प्रदर्शनों तथा खासतौर पर शहीनबाग के ऐतिहासिक प्रदर्शन और इन प्रदर्शनों के खिलाफ मोदी-शाह सरकार की दमनलीला के खिलाफ केजरीवाल सरकार और आप पार्टी ने, दिल्ली के चुनावों तक बाकायदा चुप्पी साधे रखी।

# लक्ष्मी-गणेश की फोटो और समृद्धि

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि भारतीय मुद्रा पर धन की देवी माने जाने वाली लक्ष्मीजी और विघ्नों को दूर करने वाले भगवान गणेश की तस्वीरें छापी जाएं, ताकि भारत का हर परिवार अमीर बन सके। आईआईटी खड़गपुर से शिक्षा प्राप्त भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे, मैग्सेसे सम्मानधारक अरविंद केजरीवाल का ऐसा मानना है कि नोट पर अगर लक्ष्मी-गणेश की फोटो भी छपी हो तो इससे देश की अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। उन्होंने अपनी बात में वजन डालने के लिए इंडोनेशिया का उदाहरण दिया, जो मुस्लिम बहुल देश है, लेकिन उसकी मुद्रा पर गणेश जी की तस्वीर है। अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को समर्थन देने के लिए उनकी पार्टी की विधायक आतिशी सिंह ने भी अपील की और इसे सीधे 130 करोड़ लोगों की भावना करार दे दिया। आम आदमी पार्टी के मुखिया और उनके इस प्रस्ताव के समर्थक विधायकों को यह जरूर बताना चाहिए कि आखिर देश के तमाम 130 करोड़ लोगों के मन की बात जानने के लिए उन्होंने कौन सी तकनीक अपनाई है। क्या इसके लिए कोई आप ने कोई सर्वे किया, लोगों की रायशुमारी की, या फिर आम आदमी पार्टी अंतर्यामी पार्टी है। खैर पाठक यह भी जानते होंगे कि आतिशी सिंह भी उच्च शिक्षित हैं, उन्होंने आक्सफोर्ड से स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है और शिक्षा के क्षेत्र में वे काम कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी जब रूप और आकार ले रही थी, तब राजनीति और व्यवस्था में बदलाव की नेक नीयत रखने वाले बहुत से लोगों ने इसके गठन में मदद की थी। ये सभी वैकल्पिक राजनीति को देश के भविष्य के लिए जरूरी मान रहे थे। इनमें से कई ऊंची तालीम हासिल किए हुए थे या फिर समाज में किसी खास मुकाम पर पहुंचे हुए थे और जो साधारण तबके के लोग थे, उन्होंने अरविंद केजरीवाल का समर्थन इसी लिए किया कि जब इतने पढ़े-लिखे लोग एक नए नेता के साथ खड़े हैं, तो इसमें जरूर कोई खास बात होगी। हो सकता है अब तक देश में जो कमियां राजनीति और प्रशासन में महसूस की जा रही हैं, उनसे हटकर कोई बेहतर विकल्प ये नया नेता और उसकी पार्टी देंगे। कांग्रेस पर तो अन्ना आंदोलन ने भ्रष्टाचार का ठप्पा लगा ही दिया था और भाजपा की राजनीति राम मंदिर के इर्द-गिर्द घूमती थी। तो जिन लोगों को भ्रष्टाचार के साथ-साथ धर्म की राजनीति से भी तकलीफ थी, उन्होंने अरविंद केजरीवाल में उम्मीद की नयी किरण देखी। कई नामी-गिरामी पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, कलाकार अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर उभारने के लिए जुट गए।

लेकिन जल्द ही बहुत से लोगों का मोहभंग हो गया। या ये भी कह सकते हैं कि कुछ लोगों को आप और अरविंद केजरीवाल की राजनैतिक सच्चाई जल्द नजर आ गई और वो उससे अलग हो गए। लेकिन कई लोग अब भी वैकल्पिक राजनीति का भ्रम पाले बैठे हुए हैं। देखना होगा कि इन्हें असलियत कब तक नजर आती है। या फिर सत्ता की खातिर ये भी अपने चेहरों पर कोई और मुखौटा डाल लेते हैं। वैसे अरविंद केजरीवाल ने राजनीति के अपने इरादों को पहले भी कई बार जाहिर किया है। इससे पता चलता है कि उनके बारे में जो धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील, परिवर्तनवादी नेता की धारणा बनी हुई है, वह असल में खोखली है। उनकी राजनीति संविधान से अधिक मनुवादी विचारों की हिमायती है। इसलिए जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो भाजपा के इस फैसले का आप ने स्वागत किया। उन्होंने कई बार खुद को कट्टर हिंदू के तौर पर पेश किया है, चाहे वह लॉकडाउन के वक्त गीता का पाठ हो या फिर टीवी पर हनुमान चालीसा सुनाना। श्री केजरीवाल भाजपा के हिंदुत्व को टक्कर देने के लिए दिल्ली में राम राज्य के मॉडल की बात करते हैं।

उन्होंने दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को चुनाव जीतने पर राम मंदिर की मुफ्त सैर का वादा किया था। अभी गुजरात में भी बुजुर्गों के लिए अयोध्या यात्रा का उनका वादा है। पिछले साल दीपावली पर उनकी पूजा का प्रसारण टीवी पर हुआ था, जिसमें पंडाल राम मंदिर की तर्ज पर बना हुआ था। हिंदुत्व के अलावा भाजपा की राष्ट्रभक्ति के दांव को भी अरविंद केजरीवाल लपक चुके हैं। उन्होंने दिल्ली के स्कूलों में देशभक्ति की कक्षाएं शुरू करने की योजना बनाई है। इसके अलावा मेक इंडिया नंबर वन अभियान भी उन्होंने चलाया है। ये सारे पैंतरे साबित करते हैं कि अरविंद केजरीवाल की और भाजपा की राजनीति में फर्क केवल तरीकों और तकनीकों का है, बाकी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। अब इसे भाजपा की बी टीम कहिए, अनुगामी कहिए या फिर उसकी प्रतिकृति, क्या फर्क पड़ता है। चिंतन इस बात पर होना चाहिए कि देश में धर्म को धुरी बनाकर राजनीति के जो नए खेल खेले जा रहे हैं, उनसे जनता किस तरह निपट सकती है। लोकतंत्र में जनता के पास विकल्प हमेशा होने चाहिए, लेकिन ये विकल्प विचारधारा आधारित होने चाहिए और इस विचारधारा को खुलकर जनता के सामने रखा जाना चाहिए, तभी निष्पक्ष चयन संभव होगा। अगर विचारधारा अज्ञात हो और आवरणों में राजनीति की जाए, तो फिर यह जनता के साथ छल के सिवा कुछ नहीं है। अरविंद केजरीवाल बेशक जितना चाहे पूजा-पाठ करें, लेकिन ये आस्था निजी दायरे तक ही सीमित रहनी चाहिए। उन्हें अपनी समृद्धि के लिए जितने टोटके आजमाने हों वे आजमा लें, लेकिन देश टोटकों से संपन्न नहीं बनता है, यह बात जनता को समझ लेना चाहिए। धर्म के नाम पर जनता को बरगलाने का ही नतीजा है कि आज देश के चंद लोग खरबपति बन कर बैठे हैं और बाकी जनता कमाई और बचत की उलझनों में ही लगी हुई है। देवी-देवता की तस्वीरें लगाने से कोई संपन्न बन जाता तो दुनिया के तमाम देश ऐसा ही करने लगते और दुनिया के सबसे अमीर मंदिर में वर्ल्ड बैंक का दफ्तर खुल चुका होता।

बहरहाल, चुनाव के पहले हिंदुत्व का एक नया तीर अरविंद केजरीवाल ने चला दिया है। इससे वोट का मकसद कितना सधेगा ये नतीजे बतलाएंगे, लेकिन फिलहाल एक अनर्थक बहस में देश को उलझाकर जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाकर श्री केजरीवाल ने भाजपा की मदद भी कर ही दी है।

# ब्रिटेन में ऋषि के आने से चमकने लगे टोरी

डॉ. राजेन्द्र

**राजनीति में** व्यक्ति की निजी छवि का असर कितना, कितनी दूर तक और कितनी जल्दी पड़ता है इसका जीता जागता उदाहरण इंग्लैंड में कंजरवेटिव पार्टी के नेता भारतवंशी ऋषि सुनक की ताजपोशी से देखा जा सकता है। कंजरवेटिव पार्टी का दावा है कि वह यूरोप की सबसे पुरानी पार्टी है। इस पार्टी के जन्म के तार 'टोरी' गुट से से जुड़े हैं। यह गुट 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में प्रकट हुआ था। कुछ माह पहले यही टोरी कमजोर पड़ रहे थे। लेबर पार्टी की लोकप्रियता बढ़ने लगी थी। सुनक के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही बदलाव शुरू हो गया है। पिछले कुछ सालों में कंजरवेटिव पार्टी अर्थात टोरियों को लेकर यूएस में लोगों में निराशा आई। देश संकटों से घिरा। दरअसल ब्रेक्जिट का निर्णय कहीं न कहीं यूरोपीय देशों को सुहाया नहीं है । तभी से इंग्लैंड के सामने चुनौतियों का पहाड़ भी खड़ा हुआ है। कोढ़ में खाज यह कि कोरोना के दुष्प्रभाव, आर्थिक मंदी, टोरियों में मतभेद, एकजुटता में कमी, महंगाई, रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण देश के हालात बिगड़ते ही चले गए। रही सही कसर 45 दिन के ट्रस के शासन ने पूरी कर दी। ट्रस के बजटीय निर्णयों ने हालात को और अधिक तेजी से बिगाड़ा। आखिरकार उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा। सुनक के भारतीय मूल के होने से देश में खुशी का माहौल है। प्रतिक्रिया में इसे राष्ट्रीय गौरव के रूप में देखा गया। भारतीय मूल के लोगों में जैनेटिक गुण होता है कि वे फैसलों में पक्षपात नहीं करते। अपनों पर निर्णय करने से पहले दस बार सोचते हैं। इसलिए भारतीयों को अपने इस जैनेटिक गुण के कारण गर्व भी करना चाहिए। ऋषि सुनक से भारत के पक्ष में आंख बंदकर निर्णय करने की गलतफहमी किसी को नहीं पालनी चाहिए। खैर यह विषयांतर ही होगा। पर इतना स्पष्ट है कि आज इंग्लैंड ही नहीं भारत सहित दुनिया के देश सुनक की ओर आशा की नजर से देख रहे हैं। इसका बड़ा कारण भी है। कोरोना की महामारी से दुनिया के तमाम देशों ने सबक नहीं लिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका उदाहरण है। कई देश आर्थिक मोर्चे पर जूझ रहे हैं। आपसी तनाव, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, दावानल और आतंकवादी गतिविधियों से दो चार हो रहे हैं। खाद्यान्न संकट अलग है। ऐसे हालात में कुछ अधिक हासिल करना बड़ी बात होगी। ऋषि सुनक के आने के बाद एक सप्ताह में ही इंग्लैंड में कंजरवेटिव पार्टी पर लेबर पार्टी की 27 अंक की बढ़त घटकर 16 फीसदी रह गई है। यह तब है जब सुनक ने सही तरीके से काम करना ही शुरू नहीं किया है। देश के 28 फीसदी लोग टोरियों को पसंद कर रहे हैं। कुछ समय में ही यह आकंडा 23 फीसदी से बढ़कर 28 प्रतिशत हुआ है। लेबर पार्टी की लोकप्रियता का ग्राफ 50 प्रतिशत से घटकर 44 प्रतिशत पर आ गया है। इससे दो बातें साफ हो जानी चाहिए कि पिछले कुछ माह में टोरियों ने खोया ही खोया है तो सुनक के आने के बाद कुछ पाने की शुरूआत होने लगी है। करीब दो माह पहले सुनक को पीछे छोड़ते हुए ट्रस प्रधानमंत्री बनी थीं। उन्होंने लोगों की आशाएं बहुत जगाई थीं पर केवल 45 दिनों में ही पूरी तरह से विफल होकर मजबूरन पद छोड़ गईं। न चाहते हुए भी आखिरकार सुनक को चुनना पड़ा। अब सुनक के सामने अपनी पार्टी और देश का आर्थिक मोर्चों पर आगे बढ़ाने का दोहरा संकट है। जहां पार्टी में एकजुटता बनाना बड़ी चुनौती है तो विदेश नीति को लेकर भी बड़ी चुनौती है।

अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध में इंग्लैंड आंख बंदकर अमेरिका के साथ है। इसी तरह से उत्तरी आयरलैंड से व्यापार को लेकर भी समाधान खोजना होगा। भारत और इंग्लैंड मुक्त व्यापार समझौता भी एक अहम मुद्दा है।

## कांग्रेस में अब खड़गे दौर

**कांग्रेस** में एक नए दौर की शुरूआत हुई है। पिछले हफ्ते मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में शशि थरूर को भारी अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। और अब उन्होंने बाकायदा कांग्रेस की कमान संभाल ली है। पिछले ढाई दशकों से लगातार सोनिया गांधी ही कांग्रेस का नेतृत्व कर रही थीं। बीच में दो साल के लिए 2017 से 2019 तक राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद संभाला, लेकिन सोनिया गांधी फिर भी केंद्र में बनी ही रहीं। पाठक जानते हैं कि सोनिया गांधी राजनीति में आने की इच्छुक नहीं थीं। अपनी सास इंदिरा गांधी और पति राजीव गांधी की क्रूर हत्याएं उन्होंने देखी हैं। लेकिन जब उन्होंने महसूस किया कि कांग्रेस को उनकी सख्त जरूरत है, तो अपनी अनिच्छाओं, असुविधाओं और आशंकाओं को पीछे करते हुए उन्होंने अध्यक्ष पद की महत्तर जिम्मेदारी संभाली। जब 1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस की बागडोर अपने हाथ में ली, तब केवल मध्यप्रदेश, ओडिशा और मिजोरम में कांग्रेस की सरकारें थीं। उस दौर में भारतीय राजनीति के पटल पर लालू प्रसाद यादव, मायावती, मुलायम सिंह यादव जैसे क्षेत्रीय राजनीति के पुरोधा अपना दबदबा दिखला रहे थे। और इस दौरान राम मंदिर आंदोलन से भाजपा भी राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को चुनौती दे रही थी। अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा केंद्र की सत्ता में आ चुकी थी। भाजपा के पास हिंदुत्व का मुद्दा था, जिसके बूते ध्रूवीकरण की राजनीति की जा रही थी। आर्थिक मोर्चे पर संकट थे।

## इच्छानवमीं: श्रद्धालुओं ने आंवले के नीचे किया भोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इच्छानवमीं पर्व पर जिले में आंवले के पेड़ की पूजापाठ कर महिलाओं ने परिवार की सलामती की प्रार्थना की। हजारों लोगों ने भगवान कामतानाथ की परिक्रमा कर इच्छा पूरी करने की मनोती मानीं।

बुधवार के सवेरे से महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर कामतानाथ मन्दिर के दर्शन कर परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग कक अलावा जिले भर के अन्य स्थानों पर लगे आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर महिलाओं ने पूजापाठ की। सभी ने पेड़ की 108 बार परिक्रमा कर मनोती पूरी करने के धागे बांधे। सर्वाधिक भीड़ परिक्रमा मार्ग में लगे पेड़ों के नीचे देखी गई। महिलाओं ने परिवार की सलामती के पर्व में घर से बनाकर ले गये भोजन को बैठकर चाव से खाया। मान्यता है कि इच्छानवमीं केदिन आंवला के वृक्ष की पूजा व फल



खाने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसके चलते चित्रकूट व जिला मुख्यालय में लगे आंवला के पेड़ों के नीचे खासी रौनक रही। जगह-जगह अस्थायी दुकानें भी लगी देखीं गईं। इसके अलावा धार्मिक स्थानों हनुमान धारा, स्फटिक शिला, बरहा के हनुमान मन्दिर, नांदी तौरा आदि स्थानों पर भण्डारे भी हुये। सवेरे से नगर में महिलाओं व बच्चों की भीड़ देखी गई। खासकर चित्रकूट की ओर आने-जाने वाले वाहन ओवरलोड कर अनियंत्रित गति से चल रहे थे।

यातायात माह के बावजूद इन अनियंत्रित टैम्पो-टैक्सियों को रोकने वाला कोई नहीं था। भीड़ देख टैम्पो चालकों ने मनमाना किराया वसूला।

**श्रीकृष्ण के तिलक की रस्म हुई पूरी**

चित्रकूट। कार्तिक माह पर इच्छानवमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के विवाह को नदियों किनारे पूजा-पाठ कर महिलाओ ने आज तिलक की रस्म पूरी की। इस दौरान नदियों किनारे भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के समक्ष फल-फूल व यथोचित दान-दक्षिणा चढाया गया। देवोत्थानी एकादशी की रात भगवान श्रीकृष्ण का नदियों किनारे कार्तिक माह में नहाने जाने वाली महिलायें उत्साहपूर्वक तुलसी वृक्ष के साथ विवाह की रस्म पूरे उत्साह के साथ मनायेंगी।

## भू-माफिया की सम्पत्ति पर जल्द चले बुलडोजर

### भू-माफिया ने घंटों गोलीबारी कर फैलाई दहशत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर के नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श द्विवेदी के भू-माफिया पति मनोज द्विवेदी ने भूमि पर कब्जा करने की गरज से अपने साथियों समेत घंटों गोलीबारी कर दहशत फैला दी। पुलिस ने मामला तो फिलहाल गम्भीर धाराओं में दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

भू-माफिया मनोज द्विवेदी ने गोलीबारी की घटना मंगलवार को शाम साढ़े सात बजे अंजाम दी। भू-माफिया के खिलाफ थाने में दी तहरीर में विनोद पाण्डेय उर्फ पप्पू पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी रुपौलिहा टोला थाना राजापुर ने कहा है कि मनोज द्विवेदी पुत्र प्रेमचन्द्र अपने सैकडों अपराधी साथियों के साथ जायज व नाजायज असलहे व डंडों से लैस होकर उसके खेत की पैमाइश राजस्व कर्मियों के करने के बाद भी, उनके खेत पर कलई डालने के दौरान मनोज आदि ने कलई मिटाने को कहा तो उनके मना करने पर मनोज द्विवेदी, बबलू गौतम निवासी महुआ, हिस्ट्रीशीटर अमरदीप सिंह पुत्र अज्ञात निवासी सरधुआ, हिस्ट्रीशीटर रघुवीर उर्फ जीतू पुत्र भोला प्रसाद निवासी राजापुर, रामचिन्तन द्विवेदी (शिक्षक) पुत्र अज्ञात निवासी उदघटा, आदर्श शुक्ला पुत्र रमेश व कामता प्रसाद उर्फ नत्थू पुत्र राजेन्द्र निवासी राजापुर ने उसे व उसके रिश्तेदार अरविन्द तिवारी उर्फ मुन्नू व अजय तिवारी पुत्र प्रेमचन्द्र पर असलहों व सरियों से हमला बोल दिया। मारपीट, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर सभी एकराय होकर जान से मारने की गरज से गोली मारने की बात की। इसी बीच रघुवीर उर्फ जीतू ने पिस्टल से एक फायर अरविन्द तिवारी पर झोंक दिया, इससे वह बाल-बाल बच गये। जब अजय तिवारी ने अरविन्द तिवारी व उसे बचाने के प्रयास किये तो दूसरा फायर भी झोंक दिया। इससे अजय तिवारी के हाथ की उंगलियों में फायर का छर्रा लगने से घायल हो गया। मनोज द्विवेदी की गुण्डई की सीमा पार करते हुए जब तममा लोगों ने पकडने का प्रयास किया तो सभी लोग भाग खडे हुए।

पुलिस ने इस तहरीर पर उक्त सभी लोगों के खिलाफ बलबा, जानलेवा हमला, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने फिलहाल रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है, लेकिन किसी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिले में सबसे बडे भू-माफिया के बतौर उभर रहे मनोज द्विवेदी की सम्पत्ति पर योगी का बुलडोजर जल्द न चला तो कोई भी बडा हादसा हो सकता है।

## आज से चलेगा गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निकाय चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश नेतृत्व कर्ता सांसद संजय सिंह की अगुवाई में नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार रुपी गन्दगी के खिलाफ गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ की यात्रा की शुरूवात करने का निर्णय लिया है।

बुधवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने बताया कि गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ अभियान जिला मुख्यालय के पुरानी कोतवाली से पटेल तिराहा तक तीन नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से शुरू होगा। प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार रुपी गन्दगी के खिलाफ प्रत्येक जिले में गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ अभियान आम आदमी पार्टी शुरू करने जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा में जिला महानगर एवं सभी प्रकोष्ठों के वरिष्ठ, कनिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा में समय से पहुंचकर सफल बनाने की उन्होंने अपील की है।

## तीर्थक्षेत्र से जुडेगा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वेः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण की बाबत बेडीपुलिया, सीतापुर, रामघाट का औचक निरीक्षण कर एडीएम, एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर व एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड को निर्देश दिये कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से जुडने को नक्शा बनाकर यूपीडा के माध्यम से शासन को भेजा जाये।

बुधवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण की



बाबत औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिये कि तीन मार्गों का गूगल मैप बनाकर यूपीडा के माध्यम से शासन को भेजें, ताकि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे तीर्थक्षेत्र रामघाट, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग व मध्य प्रदेश को जोडने की कार्यवाही हो सके।

उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से इन मार्गों के जुडने से पर्यटन के क्षेत्र में जहां बढावा मिलेगा, वहीं यात्रियों को भी सुविधा मुहैया होगी। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम कर्वी राजबहादुर, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्रनाथ समेत संबंधित अधिकारी व यूपीडा के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## राजापुर क्षेत्र के तीन लोगों को हुआ आजीवन कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के तीन लोगों को अदालत ने आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अदालत में अपहरण, हत्या व सबूत नष्ट करने तथा साजिश के आरोपी पंकज सिंह पुत्र केशव सिंह निवासी चनहट थाना राजापुर, पप्पू बढई पुत्र मुल्लू उर्फ बोधन सिंह निवासी रमपुरिया व अजीत सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी रायपुर के खिलाफ मामला चल रहा था। इस मामले में थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार आकाश कुमार यादव ने अदालत में समय से गवाहों की पेशी कराई। शासकीय अधिवक्ता श्याम सुन्दर मिश्रा ने प्रभावी बहस कर अदालत के सामने पेश किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता की भी दलीलें अदालत ने सुनी।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को खारिज करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने तीनों आरोपियों को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

## वारंटियों समेत जुआरियों का हुआ चालान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने वांछित एवं वारंटियों की गिरफ्तारी को जारी अभियान में दो लोगों को दबोचा गया।

बुधवार को पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय ने टीम के साथ वारंटी होरीलाल पुत्र रामबहोरी केवट निवासी रइयापुरवा को गिरफ्तार किया है। पहाडी थाने के दरोगा दिनेश पाण्डेय की टीम ने वारंटी शारदा प्रसाद पुत्र रामलाल निवासी



बक्टाबुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी क्रम में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय गोरखपुर से विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्यों के बारे में विवेचकों को प्रशिक्षित करने को आनलाइन रिफ्रेसर प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय की मौजूदगी में जिले के विवेचकों ने हिस्सा लिया। बहिलपुरवा थाना पुलिस ने छोटू पुत्र भूरा रैदास निवासी चमरौडी, गोरेलाल नाई पुत्र छोटेलाल निवासी रुकमाखुर्द, दिनेश कोल पुत्र सुभाष निवासी रुकमाखुर्द, चन्द्रशेखर पुत्र कैरा कोरी निवासी रुकमाखुर्द को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। मालफड से 1560 रुपये, जामा तलाशी में 102 रुपये व ताश के 52 पत्ते बरामद कर चालान किया है।

## कंधवनिया से करौंदीकला की जल्द बनेगी सड़कः विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरदार पटेल जयंती समारोह के तीसरे दिन राजापुर थाना क्षेत्र के कंधवनिया गांव में भारी तादाद में लोग जुटे। पटेल जयंती धूमधाम से मनाने की गरज से बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि सरदार पटेल का आजादी की लडाई में अभूतपूर्व योगदान था। उन्होंने अखंड भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। कई रियासतों को अखंड भारत में शामिल किया था। इनके जैसा नेता आज तक कोई नहीं हुआ है। सदर विधायक ने ग्रामीणों के ज्ञापन पर कहा कि कंधवनिया से करौंदीकला तक सम्पर्क मार्ग का



निर्माण जल्द कराया जायेगा।

सरदार पटेल की जयंती समारोह के तीसरे दिन के मेले में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, बसपा महासचिव कुलदीप सिंह पटेल, भाकियू नेता तीरथ सिंह, पूर्व प्रधान चरणदास, जीवन सिंह मास्टर, पूर्व ब्लाक प्रमुख गया प्रसाद, रामदास, राकेश, देवनारायण, विद्यासागर, राजा भइया सिंह, शिवशंकर, अमित सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, पुष्पराज सिंह, शिवशंकर, विनोद, शिवम, अरुण आदि मौजूद रहे। ये मेला तीन नवम्बर तक चलेगा।

## टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 20 रन से हराया, सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार

**ब्रिसबेन।** सलामी बल्लेबाजों जोस बटलर और एलेक्स हेल्स के अर्धशतक के बाद सैम कुरेन और क्रिस वोक्स की उम्दा गेंदबाजी से इंग्लैंड ने यहां न्यूजीलैंड को आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में 20 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। इंग्लैंड के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम कुरेन (26 रन पर दो विकेट) और वोक्स (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। ग्लेन फिलिप्स (62) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कप्तान केन विलियमसन (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी था। इस जीत से ग्रुप एक में इंग्लैंड सहित तीन टीम के चार मैच में पांच अंक हो गए हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के भी इतने ही अंक हैं। बेहतर नेट रन रेट के कारण न्यूजीलैंड शीर्ष पर और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने कप्तान बटलर (47 गेंद में 73 रन, सात चौके, दो छक्के) और हेल्स (40 गेंद में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 179 रन बनाए। न्यूजीलैंड को अपना पांचवां और अंतिम ग्रुप मैच चार नवंबर को





आयरलैंड से खेलना है जबकि इंग्लैंड की टीम इसके अगले दिन श्रीलंका से भिड़ेगी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 28 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे (03) और फिन एलेन (16) के विकेट गंवा दिए। वोक्स के पारी के दूसरे ओवर में विकेटकीपर बटलर ने लेग साइड की ओर गोता लगाते हुए कॉनवे का शानदार कैच लपका। एलेन भी पांचवें ओवर में कुरेन पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में खेल बैठे और स्टोक्स ने डीप मिडविकेट पर आसान कैच लपका। विलियमसन और श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच के शतक जड़ने वाले फिलिप्स ने इसके बाद पारी को संभाला।

न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए। फिलिप्स चार रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब लियाम लिविंगस्टोन की गेंद पर बटलर उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। फिलिप्स को 15 रन के स्कोर पर दूसरा जीवनदान मिला। इस बार आदिल राशिद की गेंद पर मोईन अली कवर में उनका कैच नहीं पकड़ पाए। फिलिप्स ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने वुड पर छक्का जड़ने के बाद 14वें ओवर में राशिद पर लगातार दो छक्कों के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। फिलिप्स ने राशिद पर दो रन के साथ सिर्फ 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

विलियमसन हालांकि बेन स्टोक्स (10 रन पर एक विकेट) की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर राशिद को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 40 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके मारे। न्यूजीलैंड को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 57 रन की दरकार थी। वुड ने जेम्स नीशाम (06) को कुरेन के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया जबकि अगले ओवर में वोक्स की गेंद पर डेरिल मिशेल (03) भी लांग ऑन पर स्थानापन्न खिलाड़ी क्रिस जोर्डन के हाथों लपके गए। टीम को अंतिम तीन ओवर में 49 रन की जरूरत थी। फिलिप्स भी कुरेन की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में जोर्डन के हाथों लपके गए। उन्होंने 36 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और तीन छक्के मारे। मिशेल सेंटनर (नाबाद 16) और ईश सोढ़ी (नाबाद 06) इसके बाद हार के अंतर को ही कम कर पाए। इससे पहले बटलर इस पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। भाग्य ने भी बटलर का साथ दिया। उन्हें आठ और 40 रन के स्कोर पर जीवनदान मिले। उन्हें पहला जीवनदान पावरप्ले में मिला जब न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष केन विलियमसन ने कवर्स में कूदते हुए गेंद को पकड़ लिया लेकिन जब वह नीचे गिरे तो गेंद उनके हाथ से छूट गई।

## हीरो आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट 2022-23 की शुरूआत 12 नवंबर से

**नई दिल्ली।** हीरो आई-लीग 2022-23 सीजन 12 नवंबर से मलप्पुरम में शुरु हो रहा है। सीजन के पहले मैच में गत चैंपियन गोकुलम केरला एफसी का सामना पिछले सीजन के उपविजेता मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब से होगा।

पिछले दो सीज़न में लीग को बायो बबल में खेला गया था। सभी मैच कोलकाता, कल्याणी और नैहाटी में खेले गए थे। कोविड प्रतिबंध हटाए जाने के साथ, हीरो आई-लीग वापसी को तैयार है। इस बार 12 क्लब देश भर में 13 स्थानों पर खेलने के लिए तैयार हैं। गोकुलम केरल अपने छह घरेलू मैच केरल के मलप्पुरम के पयनाद स्टेडियम में खेलेगा, जबकि अन्य पांच कोझीकोड के ईएमएस स्टेडियम में खेले जाएंगे।

श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम, हीरो आई-लीग में पदार्पण करेगा, जिसमें रियल कश्मीर एफसी फरवरी से अपने मैच खेलेगा। हैदराबाद में डेक्कन एरिना और नई दिल्ली में छत्रसाल स्टेडियम इस सीजन में क्रमशः श्रीनिदी डेक्कन एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी के लिए लीग में अन्य दो डेब्यू स्थल होंगे। इस बीच, हीरो आई-लीग अपने पसंदीदा स्थानों में से एक, दक्षिण बॉम्बे में एक बार फिर लौटेगा, जिसमें केनक्रे एफसी प्रतिष्ठित कूपरेज में अपने घरेलू खेलों की मेजबानी करेगा। दिल्ली में ऐतिहासिक अंबेडकर स्टेडियम राजस्थान यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगा। अन्य क्लबों में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब का घरेलू मैदान, किशोर भारती क्रीरंगन, कोलकाता होगा, जबकि चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा का घरेलू मैदान बम्बोलिम स्टेडियम, गोवा होगा। वहीं, आइजोल एफसी का घरेलू मैदान राजीव गांधी स्टेडियम, आइजोल व राउंडग्लास पंजाब का घरेलू मैदान पंचकूला में ताऊ देवी लाल स्टेडियम होगा, जबकि इम्फाल क्लब नेरोका एफसी और ट्राई एफसी का घरेलू मैदान खुमान लम्पक स्टेडियम होगा।

## श्रुति कोतवाल ने आइस स्पीड स्केटिंग सीजन की शुरुआत में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे तेज आइस स्पीड स्केटर, श्रुति कोतवाल ने सीजन की शुरुआत में ही अमेरिका में आयोजित आइस स्पीड स्केटिंग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रुति ने 500 मीटर की दौड़ में 42.21 सेकंड का समय निकालकर नया रिकॉर्ड बनाया।

इस अवसर पर, कई राष्ट्रीय रिकॉर्डों की धारक, श्रुति ने कहा, 'पिछले दो चैंपियनशिप में हमने जो परिणाम हासिल किये, उससे मैं बेहद रोमांचित हूं। हम उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और पिछले कुछ हफ्तों में, हम समझ गए हैं कि प्रतिस्पर्धा का स्तर और अधिक बढ़ेगा। राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करना बहुत अच्छा लगता है। कई अन्य चैंपियनशिप भी आ रही हैं, और मुझे उम्मीद है कि आगे की सभी रेसों में मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। बता



दें कि कई अन्य खेलों की तरह, स्पीड स्केटिंग ने हाल के वर्षों में भारत में अत्यधिक लोकप्रियता हासिल की है। स्पीड स्केटिंग एक शीतकालीन रेसिंग खेल है जहां एथलीट बर्फ आधारित सर्किट पर एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं, ट्रैक के चारों ओर अपना रास्ता नेविगेट करने के लिए स्केट्स का उपयोग करते हैं। श्रुति ने कहा, 'मैंने सात साल की उम्र में रोलर स्केट्स के साथ शुरुआत की थी, और आइस स्पीड स्केटिंग के प्रति मेरा प्यार धीरे-धीरे बढ़ता गया। उच्च गति पर आंदोलन के दौरान इसे शरीर-संतुलन और बहुत अधिक एकाग्रता की आवश्यकता होती है। हमें जिस तरह का समर्थन मिल रहा है, उसे देखकर हमें खुशी हो रही है और मुझे उम्मीद है कि भारत के स्पीड स्केटर्स की अगली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। हमारे देश में बहुत होनहार प्रतिभा है और, मैं खेल अधिकारियों और मंत्रालयों से इन बच्चों को दुनिया में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करने का आग्रह करती हूं।'

# सऊदी अरब पर हमला कर सकता है ईरान,खतरे की आशंकाओं को लेकर चिंतित अमेरिका

**सऊदी।** सऊदी अरब ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ खुफिया जानकारी साझा की, जिसमें सामने आया है कि ईरान संभवतः उस पर हमले की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सऊदी अरब पर संभावित हमले को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने व्यापक प्रदर्शनों को दबाने के लिए ईरानी बल की कार्रवाई की आलोचना की और यूक्रेन में युद्ध में उपयोग के लिए रूस को सैकड़ों ड्रोन भेजने के उसके कदम की भी निंदा की।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने एक बयान में कहा, '' हम आसन्न हमलों को लेकर चिंतित हैं और हम सऊदी के साथ सैन्य व खुफिया माध्यमों से लगातार सम्पर्क में हैं।'' बयान के



अनुसार, '' हम क्षेत्र में अपने हितों और भागीदारों की रक्षा करने से नहीं हिचकिचाएंगे।'' इस मामले पर सऊदी अरब या संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने कोई टिप्पणी नहीं की है। खुफिया जानकारी साझा करने की पुष्टि करने वाले अधिकारियों में से एक ने बताया कि ''जल्द ही या 48 घंटों के भीतर'' हमले का एक विश्वसनीय खतरा बना है।सऊदी द्वारा साझा की गई खुफिया रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि अमेरिकी सैन्य अधिकारी '' क्षेत्र में खतरे की स्थिति को लेकर चिंतित हैं।'' राइडर ने कहा, '' हम अपने सऊदी भागीदारों के साथ नियमित रूप से सम्पर्क में हैं.'' उन्होंने कहा, '' जैसा कि मैंने पहले भी कहा था और मैं फिर कहना चाहूंगा कि हम अपने रक्षा व बचाव के अधिकार को कायम रखेंगे चाहे हमारी सेना कहीं भी सेवा दे रही हो.चाहे वह इराक में हो या कहीं और. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि अमेरिका '' खतरे की आशंकाओं को लेकर चिंतित है।

# ब्राजील राष्ट्रपति चुनावः लूला डा सिल्वा को सत्ता सौंपने को राजी हुए बोलसोनारो

**सऊदी।** ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने सत्ता हस्तांतरित करने की इच्छा जाहिर की है। राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में उन्हें दो दिन पहले वामपंथी नेता लूला डा सिल्वा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। खबरों के अनुसार, बोलसोनारो ने ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के सदस्यों को मंगलवार को कहा कि डा सिल्वा के खिलाफ उनकी चुनावी लड़ाई खत्म हो चुकी है। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त बयान में उन्होंने कहा, '' मैंने हमेशा संविधान के तहत काम किया है।''हालांकि उन्होंने चुनाव में हार की बात स्वीकार नहीं की। बोलसोनारो के साथ एक निजी बैठक के बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति लुइज़ एडसन फाचिन ने बताया कि रूढ़िवादी नेता ने कहा, '' यह (चुनाव)




खत्म हो चुका है। आए इससे आगे बढ़ें।'' न्यायमूर्ति ने एक वीडियो में यह टिप्पणी की, जिसे स्थानीय मीडिया ने प्रसारित किया। पत्रकारों ने दो अन्य न्यायमूर्तियों से भी इस संबंध में सवाल किया, लेकिन उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।ब्राजील के वित्त मंत्री पाउलो गेडेस भी मौक पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने भी कोई टिप्पणी नहीं की।शीर्ष अदालत ने एक अन्य बयान में कहा कि न्यायमूर्तियों ने बोलसोनारो से बैठक में कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि वह चुनाव के परिणामों के साथ-साथ ब्राजील के लोगों के आंदोलन की स्वतंत्रता के अधिकार को स्वीकार करें। बोलसोनारो ने इससे पहले सिल्वा के हाथों मिली हार को स्वीकार नहीं किया था। हालांकि चीफ ऑफ स्टाफ सिरो नोगीरा ने पत्रकारों से कहा कि बोलसोनारो ने उन्हें सत्ता-हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। निर्वाचन प्राधिकरण ने रविवार को चुनाव के परिणामों की घोषणा की थी, जिसमें लूला डा सिल्वा को 50.9प्रतिशत और बोलसोनारो को 49.1 प्रतिशत मत मिले।

ब्राजील में 1985 में लोकतंत्र बहाल होने के बाद से पहला मौका है जब निवर्तमान राष्ट्रपति दोबारा चुनाव जीतने में विफल रहे हैं। यह लूला डा सिल्वा के लिए एक आश्चर्यजनक उलटफेर है। सिल्वा 2003 से 2010 के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। सिल्वा (77) को 2018 में भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाई गई थी, जिस वजह से उन्हें उस साल चुनाव में दरकिनार कर दिया गया था। इस कारण, तत्कालीन उम्मीदवार बोलसोनारो की जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ था।

# कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण चीन में लॉकडाउन के बीच बप्पी लहरी का गाना 'जिमी, जिमी, जिमी' ट्रेंड में

**सऊदी।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण एक बार फिर पैर पसारने लगा है। कोरोना का कोहराम बढ़ता देख सरकार ने शहरों में लॉकडाउन लगा दिया है। शंघाई में सरकार ने एहतियात के तौर पर डिज्नीलैंड भी बंद कर दिया है ताकि कोरोना के मामलों पर लगाम लगाई जा सके।

इस संबंध में सोशल मीडिया पर खुद शंघाई डिज्नीलैंड ने जानकारी साझा की है। जानकारी के मुताबिक शंघाई डिज्नीलैंड को अगले आदेश तक के लिए बंद किया गया है। वहीं उसके आस पास की सुविधाएं भी अगले आदेश तक बंद रहने के निर्देश दिए गए है। डिज्नीलैंड की तरफ से कहा गया कि जिन लोगों ने डिज्नीलैंड की एडवांस बुकिंग की है, उनके पैसे वापस किए जाएंगे। जैसे ही डिज्नीलैंड को दोबारा शुरू किया जाएगा तो सभी पर्यटकों को इसकी सूचना दी जाएगी। बता दें कि इससे पहले शहर में लागू लॉकडाउन के दौरान 101 दिनों के लिए बंद रहने के बाद जून में थीम पार्क खोला गया था। एक तरफ जहां दुनिया भर में कोरोना के मामले काबू में आ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ चीन अब इससे बेहाल होता दिख रहा है। इसी बीच देखने को मिला है कि चीन के नागरिक सरकार द्वारा लगाई जा रही जीरो कोविड पॉलिसी से तंग आ गए हैं और लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। स्थानीय लोग अब चीन द्वारा लगाई जा रही सख्त पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। चीन में भारत के प्रसिद्ध गायक दिवंगत बप्पी लहरी के गानों के जरिए विरोध किया जा रहा है। चीन की जनता सरकार द्वारा लगाई जा रही कोविड पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए वर्ष 1982 की फिल्म डिस्को डांसर का लोकप्रिय गाना जिमी, जिमी, आजा आजा का जमकर इस्तेमाल कर रही है। इस गीत को प्रदर्शनकारी मंडारिन (चीनी भाषा) में गा रहे है। लोग खाली बर्तन रखकर इस गाने पर वीडियो और रिल बना रहे है। इन वीडियो के जरिए लोग संदेश देना चाहते हैं कि बार बार लॉकडाउन लगने से उनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं बचे है। लॉकडाउन लगाए जाने से स्थानीय जनता खासी नाराज है, जिसका प्रदर्शन विरोध के जरिए किया जा रहा है। बता दें कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग साफ कर चुके हैं कि वायरस को रोकने के लिए सख्त लॉकडाउन लगाया जाएगा जिसमें कोई ढील नहीं दी जाएगी। लॉकडाउन का पालन करना जरुरी है।

## फिर इजरायल में सत्ता संभालेंगे नेतन्याहू, एग्जिट पोल में दावा

**यरुशलम।** इजरायल में मतदान बाद के सर्वेक्षणों में पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सहयोगियों द्वारा साढ़े तीन साल के राजनीतिक गतिरोध के बाद सत्ता में वापसी के लिए पर्याप्त सीटें जीतने के संकेत मिले हैं। हालांकि यह चुनाव का प्रारंभिक दौर हैं और अंतिम चरण में परिणाम बदल सकते हैं क्योंकि मतों की गिनती जारी है। इजरायली मीडिया के मुताबिक, अरब नेशनलिस्ट पार्टी चुनावी जीत की दहलीज पर पहुंच रही है, जो उसे चार सीटें दिला सकती है जिससे नेतन्याहू की जीत का अनुमानित अंतर कम हो जाएगा।चार साल से भी कम वक्त में यह पांचवीं बार है, जब आम चुनाव करवाए जा रहे हैं। तीन प्रमुख इजरायली टीवी स्टेशनों के मतदान बाद के सर्वेक्षणों ने संकेत दिया कि नेतन्याहू और उनके सहयोगी नई सरकार बनाने के लिए आवश्यक, संसद में 61 सीटों वाले बहुमत पर कब्जा कर सकते हैं। सर्वेक्षणों में धुर दक्षिणपंथी विधायक इतामार बेन-ग्विर के रिलीजियस जियोनिजम को तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भी दिखाया गया है।

मतदान बाद के सर्वेक्षण आने के बाद नेतन्याहू ने समर्थकों से कहा कि यह पलट सकता है, हमें नहीं पता। हम अभी खत्म नहीं हुए हैं। हम जीवित हैं और जीत रहे हैं, हमें सुबह तक इंतजार करना होगा। शायद इस डर से कि अरब मतदाता उन्हें जीत से दूर सकते हैं, नेतन्याहू ने बिना सबूत दिए, अरब मतदान केंद्रों पर हिंसा और मतों से छेड़छाड़ के आरोपों लगाते हुए ट्वीट किया। हालांकि, केंद्रीय निर्वाचन समिति ने कहा कि उसे ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है। इजरायल में अरब कुल आबादी का करीब 20 फीसदी हैं और हालिया चुनावों में नेतन्याहू के मार्ग को अवरूद्ध करने में महत्वपूर्ण कारक रहे हैं। लेकिन इस बार उनके वोट तीन पार्टियों के बीच बंट गए और इन तीनों ही पार्टियों का चुनावी प्रदर्शन खराब रहने की संभावना है। इसका अर्थ है कि अरबों के इन तीन दलों को दिए गए वोट बेकार गए।

## डेनमार्क चुनावः सर्वाधिक मतों के साथ सरकार में बनी रह सकती हैं प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन

**डेनमार्क।** डेनमार्क में हुए चुनाव में 'सोशल डेमोक्रेट्स' पार्टी के सर्वाधिक मत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन सत्ता में बने रहने के लिए मजबूत स्थिति में हैं। सोशल डेमोक्रेट्स के समर्थक एक मध्यमार्गी-वामपंथी गुट ने मात्र एक सीट से संसद में बहुमत बरकरार रखता प्रतीत हो रहा है। ये परिणाम प्रारंभिक हैं और इस अनुमान पर आधारित हैं कि ग्रीनलैंड में मतों की गिनती में डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र की दो सीटें मध्यमार्गी-वाम दल को जाएंगी। फ्रेडरिकसन ने सुबह कोपेनहेगन में अपने समर्थकों से कहा, ''मैं बहुत रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। हमने पिछले 20 साल में सबसे अच्छा चुनाव परिणाम हासिल किया है।÷फ्रेडरिकसन 'सोशल डेमोक्रेटिक' की अल्पसंख्यक सरकार का नेतृत्व करती हैं। जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देंगी और विभिन्न राजनीतिक दलों के व्यापक समर्थन के साथ एक नयी सरकार बनाने की कोशिश करेंगी। फ्रेडरिकसन ने कहा, ''यह भी स्पष्ट है कि सरकार के पास बहुमत नहीं है। इसलिए, कल मैं इस्तीफा सौंप दूंगी।' उन्होंने कहा कि वह नई सरकार बनाने को लेकर वार्ता करने के लिए अन्य दलों के साथ बैठक करेंगी।

## एयरटेल के 5जी नेटवर्क पर 10 लाख ग्राहकों का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली/भोपाल।** भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर कंपनी भारती एयरटेल ने बुधवार को घोषणा की कि उसके नेटवर्क पर अद्वितीय 5जी उपयोगकताओं की संख्या 10 लाख को पार कर गई है। एयरटेल द्वारा अभी अपने 5जी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है और कंपनी ने अपने वाणिज्यिक लॉन्च के 30 दिनों से भी कम समय में इस मुकाम को हासिल कर लिया है। अक्टूबर महीने की शुरूआत में एयरटेल ने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में अपनी 5जी सेवाओं के शुरूआत की घोषणा की थी। इन शहरों में सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जा रहा है।,

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# किम जोंग की मिसाइल दक्षिण कोरिया के समीप गिरी, बढ़ा तनाव, जवाबी कार्रवाई की तैयारी

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को फिर दक्षिण कोरिया की ओर रुख कर मिसाइलें दागीं। इसे देखते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक बैठक बुलाई है। उन्होंने उल्लुंगडो द्वीप के लोगों से निकटतम बंकरों में जाने का और सेना को तत्काल जवाब देने का निर्देश दिया है। उत्तर कोरिया के रवैये को हाल के वर्षों में सबसे आक्रामक बताया जा रहा है।

उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन के आदेश पर बुधवार को बैलेस्टिक मिसाइल समेत कई तरह की 10 मिसाइलें दागी गईं। इसके बाद दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल पहली बार हमारे समुद्री क्षेत्र के करीब गिरी। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उल्लुंगडो द्वीप पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया को तत्काल जवाब देने का निर्देश दिया है, इसलिए द्वीप के लोगों से उन्होंने बंकरों में जाने का निर्देश दिया। दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया के इस मिसाइल हमले को हाल के वर्षों का सबसे ज्यादा आक्रामक व उकसाने वाला करार दिया है। दोनों देशों के बीच समुद्री सीमाओं व अन्य



बातों को लेकर लंबे समय से विवाद है। एक बैलेस्टिक मिसाइल विवादित क्षेत्र में दागे जाने की खबर है।

संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के निदेशक कांग शिन-चुल ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइल लांच बहुत असामान्य और अस्वीकार्य है। कोरिया के विभाजन के बाद यह पहला मौका है, जब उत्तरी सीमा रेखा के दक्षिण में दक्षिण कोरियाई समुद्री क्षेत्र के करीब मिसाइल फेंकी गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर कम दूरी की तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं।

**जापान के पीएम भी करेंगे बैठक**-जापान ने भी उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की पुष्टि की है। इसके साथ ही उसने अपने तटरक्षक बल को सतर्क रहने को कहा है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि हम कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव को देखते हुए जल्द से जल्द एक राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक आयोजित करना चाहता हूं।

**विजिलेंट स्टॉर्म के पूर्व दागी मिसाइल, उत्तर कोरिया ने चेतावनी**

किम जोंग उन ने यह मिसाइल दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा किए जाने वाले अपने सबसे बड़े साझा हवाई अभ्यास के बीच किया है। इस अभ्यास को 'विजिलेंट स्टॉर्म' नाम दिया गया है। इसमें दोनों देशों के सैकड़ों विमान शामिल होंगे। इसे लेकर उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया को एक भयानक अंजाम भोगने की चेतावनी दी है।

# खूनी संघर्ष के दौरान पांच पुलिसकर्मियों की मौत, दो राज्यों में आपातकाल का एलान

**इक्वाडोर।** दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर में कैदियों ने एक बार फिर तांडव किया। दरअसल, कैदियों को ट्रांसफर करने के दौरान गैंगवॉर छिड़ गई, जिसमें हुए धमाके की वजह से पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इसके बाद इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने दो प्रांतों में आपातकाल का एलान कर दिया।

इस घटना के पीछे राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने ड्रग गैंग को जिम्मेदार ठहराया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि ग्वायाकिल और एस्मेराल्डास में कल रात और आज जो हुआ, वह स्पष्ट रूप से ड्रग गैंग की सोच को दर्शाता है। हम इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जिससे लगातार बढ़ रही हिंसा पर रोक लगाई जा सके।

राष्ट्रपति लासो ने ग्वायाकिल



और एस्मेराल्डा प्रांतों में आपातकाल का एलान भी किया। उन्होंने कहा कि दोनों प्रांतों में सुरक्षा बल अभियान तेज करेंगे। वहीं, स्थानीय समय के हिसाब से रात नौ बजे से कर्फ्यू लागू रहेगा।

इक्वाडोर की पुलिस के मुताबिक, इस घटना में शहर और उसके आसपास के इलाकों में मौजूद तीन अन्य अधिकारियों की भी मौत हुई है। इसके अलावा एस्मेराल्डा में तीन विस्फोट होने की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि ट्रांसफर का विरोध करते वक्त कैदियों ने जेल के सात अधिकारियों को भी बंधक बना लिया। हालांकि, यह जानकारी भी मिली है कि कैदियों ने बातचीत के बाद बंधक बनाए गए अधिकारियों को रिहा कर दिया गया। गौर करने वाली बात यह है कि इक्वाडोर का जेल सिस्टम काफी वक्त से इस तरह की दिक्कतों से जूझ रहा है। 2020 के बाद से इक्वाडोर की जेलों में हिंसा के मामलों में इजाफा हुआ है, जिसमें अब तक करीब 400 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कामकाजी लोगों की कमी का सामना कर रहा कनाडा, 2025 तक हर साल पांच लाख प्रवासियों को देगा देश में प्रवेश

**टोरंटो।** कनाडा ने देश में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की संख्या में बढ़ोतरी करने के लिए एक नई योजना जारी की है। कनाडा कामकाजी लोगों की कमी का सामना कर रहा है और उसका मकसद 2025 तक हर साल पांच लाख प्रवासियों को देश में प्रवेश देना है। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री सीन फ्रेज़र ने मंगलवार को एक नई योजना जारी की। इसमें परिवार के सदस्यों व शरणार्थियों, आवश्यक कार्य कौशल तथा अनुभवी लोगों के साथ-साथ अधिक स्थायी निवासियों को स्वीकार करने पर जोर दिया गया है। विपक्षी कंजर्वेटिव दल ने इस



योजना को स्वीकार किया है।फ्रेज़र ने कहा, '' कोई गलती न करें। कनाडा में अधिक लोगों के आने से अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचेगा।'' नई योजना के तहत 2023 में 4,65,000 लोगों को देश में प्रवेश दिया जाएगा, 2025 में यह बढ़कर पांच लाख हो जाएगा। आव्रजन विभाग के अनुसार, पिछले साल 4,05,000 लोगों को बतौर स्थायी निवासी प्रवेश दिया गया था। इससे विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़े करीब 10 लाख पदों के भरने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, '' कनाडा में लाखों नौकरियां हैं. प्रवासी पहले ही करीब हर क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। हम प्रवासियों को स्वीकार किए बिना अपनी आर्थिक क्षमताओं को बढ़ा नहीं सकते।

# चीन पहुंचे शहबाज, जिनपिंग संग इकोनॉमिक कॉरिडोर की मजबूती का समझौता

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंच गए हैं। वहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उन्होंने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) की मजबूती का समझौता किया है।

जिनपिंग हाल ही में तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बने हैं। जिनपिंग के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद शहबाज पहले राष्ट्र प्रमुख हैं, जो चीन की यात्रा पर गए हैं। शहबाज ने बीजिंग पहुंचकर जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई जिसके बाद चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर की मजबूती का समझौता हुआ। शहबाज व जिनपिंग ने



सीईपीसी की संयुक्त समन्वय समिति के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किया। साथ ही दस अरब डॉलर लागत वाली कराची-पेशावर रेल मार्ग परियोजना पर भी आगे बढ़ने का फैसला लिया।

शहबाज शरीफ अपनी चीन यात्रा के दौरान पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए मदद की उम्मीद लेकर भी गए हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत में आपसी रिश्ते मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर योजना चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है।

वर्ष 2013 में शुरू इस योजना में पाकिस्तान के ग्वादर से चीन के काशगर तक 50 बिलियन डॉलर यानी लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी।

## यूनान में प्रवासियों को ले जा रही नौका डूबी, दर्जनों लापता

**तुर्की।** तुर्की से आ रही एक नौका एविया और एंड्रोसो के द्वीप के बीच पलट गई, जिसके बाद उसमें सवार दर्जनों प्रवासी लापता हैं। घटना के बाद व्यापक खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। यूनान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तटरक्षकों ने कहा कि यूनान की राजधानी एथेंस के पूर्व में स्थित इन द्वीपों के कफीरा जलडमरूमध्य में एक निर्जन टापू पर नौ लोग मिले हैं। सभी पुरुष हैं। तटरक्षकों द्वारा गश्ती नौका के जरिए बचाए गए लोगों ने अधिकारियों को बताया कि नौका जब डूबी तब उसमें लगभग 68 लोग सवार थे और वे लोग तुर्की के तट पर इजमिर से रवाना हुए थे।अधिकारियों को मंगलवार तड़के नौका में सवार यात्रियों की ओर से घटना की सूचना मिली कि वे मुश्किल में हैं। हालांकि वे यह नहीं बता पाए कि वे किस जगह फंसे हुए हैं। तटरक्षकों ने कहा कि एक हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक गश्ती नौका और पास में तैनात दो जहाजों को खोज एवं बचाव अभियान में लगाया गया है। समोस के पूर्वी एजियन द्वीप के तट पर सोमवार से एक अलग खोज व बचाव अभियान भी चल रहा है, जहां प्रवासियों को ले जा रही नौका पलटने के बाद आठ लोगों के लापता होने की जानकारी मिली है।